www.epaper.azadsipahi.in

24 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 244

मोदी के शासन में देश पूरी तरह से सुरक्षितः बाबूलाल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# इजराइल का इरान पर जबर्दस्त हमला, सैकड़ों सैनिक मारे

## ■ तेहरान में चुनिंदा इमारतों पर बम गिराये | ■ इरान का पलटवार जारी इजराइल में बिजली ठप | ■ सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला | ■ परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकने का इरान का एलान

- ट्रंप ने इरान में तख्ता पलट के दिये संकेत

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल ने सोमवार दोपहर इरान की राजधानी तेहरान में इरानी सेना की यूनिट इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) से जुड़े ठिकानों पर हमले किये। इसमें सैकड़ों सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। इजराइली सेना ने बताया कि उसने तेहरान में एविन जेल, इजराइल डिस्ट्रक्शन घड़ी, आइआरजीसी के बासिज फोर्स के हेडक्वार्टर और इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर को टारगेट किया था। इससे पहले इजराइल ने इरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट पर हमला किया था। इरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने बताया कि यह हमला ठीक उसी जगह किया गया, जहां रविवार को अमेरिका ने बस्टर बम गिराये थे। दूसरी तरफ, सीरिया के हसाका प्रांत में एक अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला हुआ है।

इस बीच, इरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि इरान अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा। इरान की मिलिट्री सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा कि गैम्बलर ट्रंप, आपने युद्ध शुरू जरूर किया है, लेकिन इसे खत्म हम करेंगे। ट्रंप ने इरान में तख्तापलट का इशारा किया दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने इरान में तख्तापलट के संकेत दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि अगर मौजूदा इरानी सरकार 'इरान को फिर से महान' नहीं बना सकती, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होना चाहिए? मेक इरान ग्रेट अगेन। बताते चलें कि अमेरिका ने रविवार को इरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों पर हमला करके जंग में एंट्री की। इरान पर अमेरिकी ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्ब का इस्तेमाल किया गया था।



### इजराइल के पांच शहरों पर रॉकेट हमला का दावा

इरानी मीडिया के मुताबिक इजराइल पर ताजा हमले में अब तक पांच शहरों को टारगेट किया गया है। इनमें सफेद, तेल अवीव, अश्कलोन, अशदोद और बेइसन शामिल हैं। इरान ने इजराइल पर सोमवार दोपहर मिसाइल अटैक किया। आइआरजीसी के मुताबिक, इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को भेदने के लिए इन शहरों पर सॉलिड और लिक्विड फ्यूल मिसाइलों की मदद से मिसाइल और ड्रोन हमला किया गया था। इरान ने इजराइल पर अपने ताजा हमले में करीब 15 मिसाइलें दागी हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स ने बताया कि सभी मिसाइल हमले करीब 40 मिनट के दौरान हुए। यह 13 जून से अब तक युद्ध में इरान के सबसे लंबे मिसाइल हमलों में से एक था।

### फोर्डो न्यूक्लियर साइट तक पहुंचने वाले रास्तों पर हमला

इजराइल डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) ने इरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट पर हमले की पुष्टि की है। आइडीएफ ने कहा कि उसने सोमवार सुबह अंडरग्राउंड फोर्डो न्यूक्लियर साइट तक पहुंचने वाले रास्ते पर हमला किया है, जिसका मकसद साइट तक पहुंचने वाले रास्ते को बंद करना था।

### इरानी हमलों से इजराइल के कई शहरों में बिजली की आपूर्ति ठप

इरानी के ताजा मिसाइल हमले के कारण दक्षिणी इजराइल में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है। इजराइल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन ने एक स्ट्रेटेजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी के पास हमले की पुष्टि की है, जिसके कारण कई शहरों में बिजली चली गयी है। इरान के मिसाइल हमले के दौरान, लगभग 35 मिनट तक सायरन बजते रहे। चैनल 13 ब्रॉडकास्टर ने बताया कि 13 जून से युद्ध शुरू होने के बाद इजराइलियों ने पहली बार इतना लंबा समय बम शेल्टर में बिताया है।

### परमाणु ठिकानों पर हमला 'गंभीर अपराध': रवांची

इरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने अमेरिका के इरान के परमाणु ठिकानों पर किये गये हमलों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे 'गंभीर अपराध' बताया और साफ कहा कि इससे इरान का शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम नहीं रुकेगा। रवांची ने कहा कि इरान परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल केवल शांतिपूर्ण मकसद के लिए कर रहा है, और वह परमाणु अप्रसार संधि का सदस्य है। जब तक हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अंदर काम कर रहे हैं, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

### तेल अवीव के लिए 14 जुलाई तक उड़ानें रद्द

एयर फ्रांस ने कहा कि उसने 14 जुलाई तक इजराइल की राजधानी तेल अवीव के लिए अपनी सभी फ्लाइट रद्द कर दी हैं। कंपनी ने लेबनान की राजधानी बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें भी 25 जून तक स्थगित कर दी है। एयरलाइन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और सऊदी अरब की राजधानी रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें भी 24 जून तक रद्द कर रही है।

## इरान के समर्थन में खुलकर आया रूस

# इरान के खिलाफ हमले का कोई आधार नहीं है : पुतिन

- पुतिन बोले- तेहरान को देंगे हरसंभव मदद



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इरान पर अमेरिकी और इजराइली हमलों की निंदा की। पुतिन ने सोमवार को मॉस्को में इरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची से कहा कि इरान के खिलाफ हमले निराधार और गलत हैं। पुतिन ने क्रेमलिन वार्ता की शुरुआत में यह टिप्पणी की और कहा कि रूस इरानी लोगों की मदद करने के लिए तैयार है।

वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।

बताते चलें कि जंग में अमेरिका का इजराइल को समर्थन देने के बाद इरान अब रूस से और मदद की उम्मीद कर रहा है। इरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने रविवार को अमेरिकी हमले के बाद सोमवार को अपने विदेश मंत्री अब्बास अराकची को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगने के लिए मॉस्को भेजा था। अराकची पुतिन को खामेनेई का एक पत्र देने वाले हैं, जिसमें पुतिन से समर्थन मांगा गया है। इरान अभी तक रूस के समर्थन से प्रभावित नहीं हुआ है, और चाहता है कि पुतिन इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसका समर्थन करने के लिए और ज्यादा कोशिश करे।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
KG - I
Nursery
KG - II



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## न्यूज रील्स

### पहलगाम हमला में गिरफ्तार आरोपियों ने एक आतंकी पहचाना

श्रीनगर। पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गयी है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की गिरफ्त में आये दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आयी थी। इन आतंकियों में हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद थे। हालांकि जुनैद पिछले साल ही एनकाउंटर में मार दिया गया था। जुनैद के मोबाइल फोन में ही इन आतंकियों के फोटो मिले थे। उस फोटो में सुलेमान शाह की फोटो भी है, जिसे कई पीड़ित परिवारों ने पहचान भी लिया है।
पहलगाम हमले के दो महीने बाद रविवार को एनआइए ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बतायी और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे।

### आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन पर एफआइआर

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में एफआइआइ दर्ज हो गयी है। यह जानकारी गुंटूर जिले के एसपी एस सतीश कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि पूर्व सीएम की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गयी। मृतक का नाम चीली सिंधैया है। वह जगन की पार्टी वाइएसआरसीपी के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई।

## बड़कागांव के जोराकाठ में अपराधियों का तांडव

# सड़क निर्माण में लगी करोड़ों की गाड़ी और मशीनों को किया आग के हवाले

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराकाठ गांव में सोमवार रात 10 बजे अज्ञात अपराधियों ने एक सड़क निर्माण स्थल पर जम कर तांडव मचाया। रात के अंधेरे में अपराधियों ने वहां मौजूद करोड़ों रुपये के मशीनों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घटनास्थल पर खड़ी दो जेसीबी मशीनें, दो हाइवा ट्रक, एक ग्रेडर, एक पानी टैंकर और एक जनरेटर को जला दिया गया।

स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो रात में अचानक आग की तेज लपटें और धमाके सुनायी दिये, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण का प्रयास किया। प्राथमिक जांच में यह मामला या तो निर्माण कार्य से जुड़ी आपसी रंजिश या नक्सली गतिविधि का प्रतीत हो रहा है।

पुलिस ने घटना की जांच प्रारंभ कर दी है और संदिग्ध तत्वों की तलाश की जा रही है। आगजनी से करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ है। प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और आमजन से शांति बनाये रखने की अपील की है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन भी दिया गया है।



## हरिजन आवासीय विद्यालय होटवाग का मामला : बच्चे ने गोबर उठाने से इंकार किया

# लातेहार में रसोइया ने छात्र को बेरहमी से पीटा

- पिटाई के कारण बच्चे को खून की उल्टी हुई
- प्रधानाध्यापक बोले, जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के होटवाग में हरिजन आवासीय विद्यालय में रसोइया ने एक बच्चे को बुरी तरह से पीटा। जिससे बच्चा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना से नाराज बच्चों के परिजनों ने विद्यालय का घेराव किया। प्रधानाध्यापक सुकन सिंह एवं रसोईया गुना कुंवर को विद्यालय से हटाने का मांग की। मौके पर उपस्थित पीड़ित विद्यार्थी के परिजनों ने बताया कि हमारे दो बच्चे यहां पर पढ़ते हैं। उनमें से एक विवेक कुमार के साथ रसोइया ने मारपीट की। उसे लातेहार के अस्पताल में ले जाया गया, जहां से डाल्टनगंज भेजा गया है।



**दूसरे बेटे ने परिजनों को दी जानकारी :** विवेक के परिजनों ने कहा कि हमारे दूसरे बच्चे ने घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि विवेक को रसोइया ने पटक-पटक कर मारा। जिससे वह खून की उल्टी करने लगा। जब वह भाई को बचाने गया, तो रसोइये ने उसे भी डंडे से मारा। इसके बाद दोनों बच्चों को स्कूल से भगा दिया। किसी तरह बच्चे गंबीर हालत में घर पहुंचे और घटना की सारी जानकारी दी।

### 'संज्ञान में आया है, जांच करेंगे'

प्रधानाध्यापक सुकन सिंह से दूरभाष पर पूछे जाने पर कहा कि मामला हमारे संज्ञान में नहीं था। अभी कुछ देर पहले जानकारी मिली है। जांच कर दोषी पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने पहले लगे सारे आरोप को निराधार बताया था।

**नामांकन में घूस का आरोप :** सुनीता देवी, सरिता देवी समेत अन्य परिजनों ने बताया कि बच्चों के नामांकन के समय दस हजार से बीस हजार रुपये तक घूस की मांग की गयी थी। रसोइया को पैसे देना पड़ा, तब जाकर उनके बच्चों का नामांकन हुआ। उन्होंने इसमें प्रधानाध्यापक के संलिप्त होने का भी आरोप लगाया। सरकार द्वारा जो बच्चों के लिए सरकारी सुविधा जैसे, कपड़ा, साबुन, तेल या खाद्य सामग्री दी जाती है, वह भी बच्चों को सही से मुहैया नहीं करवाया जाता है। बच्चों को अपने घर से खाने का सामान ले कर जाना पड़ता है। वहीं परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि सरस्वती पूजा या अन्य त्यौहार आता है तो रसोईया के द्वारा हम लोगों से 600 रुपये प्रति बच्चा चंदा भी लिया जाता है। नहीं देने पर बच्चों के साथ अत्याचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि काफी वर्षों से इस विद्यालय में रसोइया जमी हुई है। प्रधानाध्यापक एवं रसोईया दोनों ही स्कूल में हो रहे भ्रष्टाचार एवं बच्चों के परिजनों से अवैध वसूली में संलिप्त है।

**निजी काम करवाने का आरोपः** परिजनों ने कहा कि बच्चों से रसोइया द्वारा अपना निजी कामकाज करवाया जाता है। जो बच्चे उसका काम नहीं करते हैं, उसे सही से खाना नहीं दिया जाता। साथ ही मारपीट भी की जाती है।

# झारखंड में भारी बारिश से मची तबाही

- अगले तीन दिन भारी बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में सोमवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बजल गया है। दिनभर हल्की धूप के बाद अचानक दोपहर में आसमान में घने बादल छा गये और झमाझम बारिश शुरू हो गयी। बारिश के साथ वज्रपात और तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग ने रांची समेत कई जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है।

**24 से 26 जून तक भारी बारिश की संभावना :** मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में दक्षिण-पश्चिमी मानसून पूरी तरह सक्रिय है। विभाग ने 24 से 25 जून तक दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी झारखंड में और 26 जून को राज्यभर में भारी बारिश की संभावना जतायी है। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश होगी। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### खूंटी का पंचघाघ जलप्रपात पर्यटकों के लिए बंद

लगातार बारिश के कारण राज्य के अन्य जिलों के कई जलप्रपातों में हुई घटनाओं के बाद खूंटी जिला प्रशासन ने प्रसिद्ध पंचघाघ जलप्रपात को बंद करने का फैसला लिया है। पंचघाघ जलप्रपात के एंट्री गेट से लेकर अंदर तक बेरिकेड्स लगाये गये हैं। इसके साथ ही सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। तत्काल पर्यटन विभाग ने एक सुपरवाइजर को भी वाटरफॉल पर नियुक्त किया है।

### खोलना पड़ा कांके डैम का फाटक

बारिश के बाद हरमू और स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मूसलाधार बारिश की वजह से कांके डैम का जलस्तर बढ़ जाने के बाद एक बार फिर कांके डैम के डिस्चार्ज फाटक को खोल दिया गया। कांके डैम के एसडीओ शुभम उपाध्याय ने बताया कि कांके डैम का जलस्तर 27.5 फीट पहुंचने के बाद एहतियातन एक डिस्चार्ज फाटक को खोला गया है। आज हुई बारिश के बाद इसके खुले रहने की संभावना है। ऐसे में अभी यह बताना संभव नहीं है कि कितना क्यूबिक मीटर पानी छोड़ा गया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में चुनाव से पहले तेज हुआ पोस्टर वॉर

## ■ 'मेरा बाप चारा चोर' से लेकर 'नेशनल दामाद अलायंस' जैसे नारे
## ■ कटाक्षों और निजी हमलों से भरे पोस्टरों से माहौल हो रहा खराब
## ■ पार्टियों के बीच चल रही है एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़

**आजाद सिपाही विशेष**

...विधानसभा चुनाव से चार महीने दूर बिहार का राजनीतिक तापमान चढ़ा हुआ है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि चुनाव से ठीक पहले सियासी गतिविधियां हमेशा उफान पर होती हैं। बिहार में चुनाव नजदीक है, यह इस बात से भी प्रमाणित होता है कि यहां राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। सड़कों, चौराहों और दीवारों पर पोस्टरों की बाढ़ आयी हुई है। ये पोस्टर न केवल नेताओं पर तीखे कटाक्ष कर रहे हैं, बल्कि निजी और पारिवारिक जीवन को भी चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। खासतौर पर एनडीए और महागठबंधन के बीच यह पोस्टर वॉर अब खुलकर सामने आ गया है। इन पोस्टरों में जो नारे लिखे हुए हैं, उनसे माहौल भी खराब हो रहा है। इन पोस्टरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी जैसे नेताओं की तस्वीरों के साथ तीखे तंज कसे गये हैं। यह पोस्टर वॉर इस बात का संकेत है कि बिहार की राजनीति अब पारंपरिक रैलियों और प्रेस कांफ्रेंस से आगे बढ़कर विजुअल और मनोवैज्ञानिक युद्ध की ओर बढ़ रही है। अब नेताओं की छवि को सोशल मीडिया और सड़कों पर लगे पोस्टर तय कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार बिहार में यह प्रचार का नया तरीका है, जो राजनीति के निम्न स्तर को दर्शाता है। यह पोस्ट वॉर इस बात का गवाह है कि राजनीति अब मुद्दों पर नहीं, रिश्तों और छींटाकशी पर चल रही है। क्या है बिहार के पोस्टर वॉर का नजारा और क्या है इसके पीछे की रणनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। इसे देखते हुए राज्य का सियासी तापमान स्वाभाविक तौर पर चढ़ा हुआ है। इस गर्म राजनीतिक माहौल को हाल में शुरू हुए पोस्टर वॉर ने और भी गर्मा दिया है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक पोस्टरों की बाढ़ आयी हुई है।

### कैसे शुरू हुआ यह पोस्टर वॉर

पोस्टर वॉर का यह सिलसिला इसी सप्ताह उस समय शुरू हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विवादित टिप्पणी की। इस टिप्पणी ने बिहार के सियासी तापमान को बढ़ा दिया और पोस्टर वॉर शुरू हो गया। दीवारें और चौक-चौराहे राजनीतिक कटाक्षों और निजी हमलों से भरे पोस्टरों से भर गये। सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन एक-दूसरे पर व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर हमले करने लगे।

### क्या कहा तेजस्वी ने

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के बाद तेजस्वी यादव ने प्रेस कांफ्रेंसस में पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमें 'पॉकेटमार पीएम' और 'अचेत सीएम' नहीं चाहिए। इसके बाद बिहार में सियासत गर्मा गयी।

### राजद ने की शुरुआत

पटना की सड़कों पर और राबड़ी आवास के बाहर 'दामाद आयोग' को लेकर कई पोस्टर लगाये गय। इन पोस्टरों के जरिये तेजस्वी ने एनडीए पर बड़ा हमला बोला। पोस्टर में पीएम मोदी, सीएम नीतीश, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, मंत्री अशोक चौधरी अपने दामाद सायण कुणाल के साथ, जीतनराम मांझी अपने दामाद देवेंद्र मांझी के साथ और दिवंगत रामविलास पासवान अपने दामाद धनंजय उर्फ मृणाल पासवान के साथ नजर आ रहे हैं। साथ ही पोस्टर में लिखा है 'एनडीए सरकार दामाद सेवा में सदैव तत्पर'। इसके बाद एक और अन्य पोस्टर में एक बार फिर सभी ससुर-दामाद को दिखाते हुए लिखा गया है 'पुण्य किये, सेवा किये, तीरथ किये हजार, दामाद सेवा न किया तो ये सब है बेकार'। एक अन्य पोस्टर में







एनडीए का फुल फॉर्म बताते हुए लिखा है 'नेशनल दामादवादी अलायंस'। ये सभी पोस्टर राबड़ी आवास और राजद कार्यालय के बाहर लगाये गये हैं। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को एक पोस्टर में घेरा गया है। आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने परिवार के लोगों को सुप्रीम कोर्ट के पैनल में एडवोकेट बनवाकर 'परिवारवाद' को बढ़ावा दिया। पोस्टर में लिखा गया है- 'इन्होंने क्या दिया बिहार को? सब कुछ दिया अपने परिवार को।' एक और पोस्टर में चिराग पासवान को मोदी को अपना सीना दिखाते हुए दर्शाया गया है और व्यंग्यात्मक टिप्पणी की गयी है-'बिहार फर्स्ट की जगह जीजा जी फर्स्ट है'। मांझी और अशोक चौधरी को लेकर भी व्यंग्य किया गया- 'हिम्मत दामाद फर्स्ट, वो भी आरएसएस कोटे से'।

### एनडीए का पलटवार

इसके बाद तो पोस्टर वॉर तेज हो गया। एनडीए समर्थकों की ओर से भी पलटवार हुआ। एक पोस्टर में राजद प्रमुख लालू यादव को भैंस पर बैठे और मुंह में चारा चबाते हुए दिखाया गया है। तेजस्वी यादव को उनके आगे बैठे दिखाया गया है। इस पर लिखा गया है-'मेरा बाप चारा चोर, मुझे वोट दो'। पोस्टर में लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का कार्टूननुमा चित्र भी लगाया गया है। यह पोस्टर साफ तौर पर चारा घोटाले और वंशवाद के मुद्दे को निशाने पर लेता है। यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, और समर्थक-विरोधी खेमों में तीखी बहस छिड़ गयी है।

### पोस्टरों को लेकर बयानबाजी

इन पोस्टरों को लेकर बयानबाजी भी होने लगी है। एनडीए नेताओं का कहना है कि तेजस्वी यादव को अपने शब्दों पर माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि यह प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद का अपमान है। वहीं, राजद और विपक्षी दलों का कहना है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और भाजपा बेवजह मुद्दा भटकाने का प्रयास कर रही है। दूसरी ओर अपने सोशल मीडिया के माध्यम से तेजस्वी यादव ने एक वीडिया साझा कर एनडीए सरकार पर हमला बोला है, जिसमें 'कवि सम्मेलन में दामाद जी आयोग में पधारो' बोल दिया गया है। साथ ही तेजस्वी ने लिखा है, भाई साहब जरा गौर से सुनियेगा। वीडियो में काल्पनिक कवि कहते नजर आ रहे हैं कि 'भूल के सभी विकास के वादों को, हां-हां नेशनल दामाद आयोग की चर्चा हो रही है, भूल कर सभी विकास के वादों को वो कुर्सी पर बैठा रहे हैं अपने अपने दामादों को'। इस वीडियो के माध्यम से भी तेजस्वी ने चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और अशोक चौधरी पर निशाना साधा है।

### क्या है इन पोस्टरों के पीछे की रणनीति

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह पोस्टर वॉर केवल प्रचार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक दांव है। इससे नेताओं की छवि पर असर डालने की कोशिश की जाती है और मतदाताओं के बीच भ्रम या आकर्षण की स्थिति बनायी जाती है। इस पोस्टर वॉर में जहां एक ओर शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों को कम जगह मिल रही है, वहीं पारिवारिक संबंधों, वंशवाद और व्यक्तिगत हमले केंद्र में आ गये हैं। यह चिंता का विषय है, क्योंकि इससे असली समस्याएं चर्चा से गायब हो जाती हैं।

---

# कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग बनेगा विकास का आधार : गिरिराज सिंह

## आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज के नये प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन

**बिहार की जनता भ्रष्टाचार का दौर देख चुकी है, अब वह फिर गलती नहीं करेगी**

**नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा, आज मेडिकल सीटों की संख्या यूपीए सरकार के समय की तुलना में दोगुनी हो चुकी है। कोल्हान क्षेत्र में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एक नयी क्रांति लायेगा और यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग विकास का आधार बनेगा। केंद्रीय मंत्री गिरिजराज सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड सुपर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के नये प्रशासनिक भवन के उद्घाटन अवसर बोल रहे थे। इस मौके पर नेताजी सुभाष ग्रुप के चेयरपर्सन मदन मोहन सिंह, पटना बिहटा के अस्पताल निदेशक डॉ कृष्ण मुरारी सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




इस दौरान मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में मेडिकल शिक्षा के विस्तार को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, आज मेडिकल सीटों की संख्या यूपीए सरकार के समय की तुलना में दोगुनी हो चुकी है। कोल्हान क्षेत्र में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एक नयी क्रांति लायेगा और यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग विकास का आधार बनेगा।

झारखंड में तसर उद्योग की संभावना को रेखांकित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय तसर उद्योग के व्यापक विकास के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। रांची के नगड़ी क्षेत्र से इंडोर तसर की शुरूआत हो चुकी है, जिसे पूरे राज्य में फैलाया जायेगा। तसर किसान अब आधुनिक संसाधनों से लैस हो रहे हैं। उन्होंने झारखंड को तसर उत्पादन का संभावनाशील राज्य बताते हुए इसे ग्रामीण विकास से जोड़ने की बात कही।



पत्रकारों के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बिहार की राजनीति में एक बार फिर एनडीए की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने की भविष्यवाणी की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर हमला करते हुए कहा, बिहार की जनता भ्रष्टाचार और अराजकता का दौर देख चुकी है, अब वह फिर गलती नहीं करेगी।

झारखंड में भाजपा की स्थिति पर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है जहां व्यक्ति नहीं, पार्टी सर्वोपरि है। पार्टी झारखंड में एक बार फिर वापसी करेगी। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा घुसपैठ पर दिये गये बयान की सराहना करते हुए कहा, अब वह भाजपा के हिस्से हैं और यह भाजपा के एजेंडे का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक दुनिया का सबसे विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु बनेगा। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा और ग्रामीण विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई और गिरिराज सिंह ने संस्थान के भविष्य को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जतायीं।

विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ. शुक्ला मोहंती ने भी विद्यार्थियों को उच्च आदर्शों, अनुशासन और सामाजिक नैतिकता का पालन करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2023 और 2024 में उत्तीर्ण स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के कुल 1500 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां (डिग्री सर्टिफिकेट) प्रदान किये गये। वहीं कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार पाणि ने विश्वविद्यालय की वार्षिक शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्थान निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में कार्यरत है। कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रेरणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। समारोह में विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया।

---

# राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू ने नामांकन भरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को एक मात्र नामांकन निवर्तमान अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा दाखिल किया गया। श्री प्रसाद ने राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ रामचंद्र पूर्वे एवं राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन के समक्ष चार सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र पर प्रस्तावक के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, शिवानंद तिवारी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, उदय नारायण चौधरी, मंगनीलाल मंडल, डॉ मीसा भारती, प्रो मनोज झा, प्रेमचंद गुप्ता, अभय कुशवाहा, कांति सिंह, यादव, अवध बिहारी चौधरी, भोला यादव, कुमार सर्वजीत, ललित कुमार यादव, डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, जय प्रकाश नारायण यादव, आलोक कुमार मेहता, चौधरी महबूब अली कैसर, शिवचंद्र राम, भाई वीरेंद्र,अनिता देवी, डॉ तनवीर हसन, अशोक कुमार सिंह, प्रो चंद्रशेखर, डॉ सुनिल कुमार सिंह, स्वीटी सीमा हेंब्रम, मो कामरान, अनिरुद्ध कुमार यादव, बीनू यादव, डॉ उर्मिला ठाकुर, बीमा भारती, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, रामवृक्ष सदा, सतीश कुमार, संजय सिंह यादव एवं धनंजय कुमार, दीनानाथ यादव एवं मो महताब आलम के हस्ताक्षर हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि कल 24 जून को 1 बजे से 3 बजे के बीच नाम वापस लेने के लिए निर्धारित है। यदि नामांकन सही पाया गया और नाम वापस नहीं लिया जाता है तो मंगलवार को शाम 3 बजे लालू प्रसाद को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की अधिसूचना जारी कर दी जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 22.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## आजसू ने राज्य सरकार पर निशाना साधा

# आजसू का 'नौकरी दो' अभियान 9 अगस्त से

**निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग की, पूछा-राज्य की स्थानीय नीति कहां है?**

**बलिदान दिवस की सफलता पर आजसू पार्टी ने जताया आभार**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता एवं युवा नेता संजय मेहता ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने के लिए पार्टी संघर्ष करेगी और आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय में भी पहल करेगी। पार्टी 9 अगस्त से 14 अगस्त तक नौकरी दो हेमंत सरकार अभियान चलायेगी और इस संबंध में राज्य सरकार से हिसाब मांगेगी तथा निजी क्षेत्र के कार्यालयों में ज्ञापन देगी। मुख्य प्रवक्ता डॉ भगत ने बलिदान दिवस समारोह के आयोजन की सफलता के लिए अपने सभी कार्यकर्ताओं, पंचायत कमेटी के सदस्यों, प्रखंड कमेटी के सदस्यों, सभी जिला अध्यक्षों, केंद्रीय कमेटी के सदस्यों, एक-एक कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार प्रकट किया।

डॉ भगत ने कहा कि पार्टी ने बलिदान दिवस के माध्यम से झारखंड के मसलों पर अपने विचारों को रखा है। झारखंड में स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, नियुक्ति, परीक्षा, परिणाम, नियुक्ति कैलेंडर, ओबीसी आरक्षण, निजी क्षेत्र में आरक्षण, आउटसोर्सिंग में आरक्षण, आउटसोर्सिंग नियुक्ति से सरकारी नियुक्तियों का मारा जाना, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा, सीएनटी, एसपीटी, नौकरशाही का निचला स्तर, करप्शन, कंपनियों की मनमानी, झारखंड आंदोलनकारियों के बीच पहचान का संकट, कानून व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति, मंईयां सम्मान योजना को बिना स्पष्ट कानून और विधिक प्रक्रिया के लागू किये जाने के मसले को पार्टी ने प्रमुखता से उठाया है। इन सवालों पर पार्टी मुखरता से संघर्ष करेगी।

डॉ भगत ने कहा कि वर्तमान सरकार जनमुद्दों का समाधान नहीं कर पायी है। राज्य में लगातार हत्या और गोलीबारी की घटनाओं से आम जनमानस में भय व्याप्त हुआ है। स्थानीयता और नियोजन का मसला लटका पड़ा है। ऐसे में आजसू आम जनमानस की आवाज बनकर संघर्ष को तेज करेगी। राजेंद्र मेहता ने बताया कि आजसू पार्टी 30 जून को हूल दिवस, 08 अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के दिन कार्यक्रम आयोजित करेगी। संजय मेहता ने बताया कि पार्टी 'नौकरी दो हेमंत सरकार' अभियान की शुरूआत करेगी। इसके तहत सरकार से हम नौकरी का हिसाब लेंगे। सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक लाया था। उसका अनुपालन क्यों नहीं हुआ ? सरकार ने आउटसोर्सिंग क्षेत्र में भी 75 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक लाया है उसका अनुपालन क्यों नहीं हो रहा है। सरकार स्थानीय को निजी क्षेत्र में नौकरी की बात कहती है। लेकिन राज्य की स्थानीय नीति कहां है? इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा उपस्थित रहे। इस मौके पर पार्टी में नये जुड़े ॠतुराज शाहदेव का स्वागत किया गया।

# आरक्षण, स्थानीय नीति पर आजसू की राजनीति दोहरी और अवसरवादी : विनोद कुमार पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आजसू पार्टी द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह राजनीतिक प्रपंच और जनता को गुमराह करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी झारखंड में ओबीसी आरक्षण को 24 से घटकर 14 प्रतिशत करने के लिए जिम्मेदार है, वह आज आरक्षण पर नैतिकता की दुहाई दे रही है, यह झारखंड की जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। आजसू पार्टी अपनी ऐसी दिशाहीन नीतियों के कारण आज जनता के बीच अपना जनाधार खो चुकी है। पिछले चुनावों के परिणाम पर गौर करें तो ये साफ नजर आता है कि आजसू पार्टी का अब कोई जनाधार नहीं बचा है।

### जनता के साथ धोखा है 'नौकरी दो' जैसा नारा




'नौकरी दो' जैसा नारा देने से पहले आजसू यह बताये कि उनकी सरकारों के दौरान युवाओं को कितनी नौकरी मिली थी? उन्होंने कितनी परीक्षाएं करवाई थीं? कितनी नियुक्तियां दी थीं? आज जब हेमंत सरकार ने हजारों पदों पर नियुक्तियां शुरू की हैं, परीक्षा आयोगों को पुनर्स्थापित किया है, पारदर्शिता लायी है, तब विपक्ष में बैठी आजसू पार्टी को यह सब दिखायी नहीं दे रहा।

### ओबीसी आरक्षण में कटौती में आजसू की भूमिका

विनोद पांडेय ने कहा कि जब झारखंड की हेमंत सरकार ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने की पहल की थी, तब न्यायालय में जाकर इसे रोकने की कोशिश एनडीए गठबंधन के सहयोग से हुई थी। आजसू पार्टी एनडीए का महत्वपूर्ण घटक दल है। आजसू पार्टी को पहले यह बताना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण पर उसका स्टैंड क्या है? अगर वह ओबीसी के हक में है, तो पहले यह स्पष्ट करे कि अदालत में आरक्षण रोकने वालों के साथ वह क्यों खड़ी थी? और आजसू के साथ गठबंधन वाली बाबूलाल मरांडी की सरकार में ओबीसी आरक्षण घटाया गया था, तब आजसू पार्टी सहमत क्यों थी। आजसू पार्टी अपने इतिहास के इस कलंक को कभी नहीं मिटा सकती। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी स्पष्ट नीतियों और के कारण आज देश के सबसे बड़े आदिवासी नेता यूं ही नहीं बन गये हैं। उनके कार्यों से, नीतियों से, निर्णयों से, योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभांन्वित है, खुश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुकाबला करने के लिए सबसे पहले जरूरी है उनके जैसा उदार और संवेदनशील बनना।

### आत्ममंथन करे आजसू

उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण पर सवाल उठा रही है। आरक्षण को लेकर कोर्ट में बाधाएं खड़ी करने वाले कौन लोग हैं, यह सबको पता है। सरकार नीतियां बना रही है, कोर्ट की प्रक्रिया का सम्मान कर रही है, लेकिन आजसू जैसे दल युवाओं की भावनाओं से खेलने का काम कर रहे हैं।

### आजसू के पास नहीं है नीति, सिर्फ विरोध की राजनीति

विनोद पांडेय ने कहा कि आजसू पार्टी न तो राज्य की स्थानीय नीति पर कोई ठोस प्रस्ताव लेकर आयी, और न ही अपनी सरकारों के दौरान नियोजन को पारदर्शी बना सकी। आज जब झारखंड सरकार नियोजन नीति को कानूनी और संवैधानिक तरीके से लागू करने में लगी है, तब आजसू केवल शोर-शराबा करके सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती है।

### संवेदनशील योजनाओं का मखौल न उड़ायें

विनोद पांडेय ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर आजसू के आरोपों को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह योजना लाखों गरीब महिलाओं को सम्मान देने के लिए लायी गयी है। कुछ नामों की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण है। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी जनता के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए युवाओं और महिलाओं की भावनाओं से खेलने वालों को जनता अब जवाब देगी।

## दुमका में नेता प्रतिपक्ष ने 11 साल की उपलब्धियां गिनायीं

# मोदी के शासन में देश पूरी तरह से सुरक्षित: बाबूलाल

**आतंकवाद के लिए झारखंड संवेदनशील प्रदेश है लेकिन यहां कोई अधिकृत डीजीपी नहीं हैं**

**यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य सरकार दे नहीं रही और पैसों की मांग कर रही**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। 11 सालों के केंद्रीय नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं दिया वह मिशाल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्यकाल में देश की जनता को एक समान अवसर दिया। मरांडी सोमवार को दुमका परिसदन भवन में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के गांव-गांव तक सड़क है, बिजली है प्रत्येक लोगों के हाथ तक सूचना का तंत्र है। कोई बीमार हो तो उनको भी पांच लाख तक की इलाज की सुविधा आयुष्मान के तहत मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कहने को यहां की राज्य सरकार इलाज के नाम पर बीमा योजना का लाभ दे रही है। लेकिन इलाज के नाम पर झारखंड की सरकार कुछ नहीं दे रही है। मरांडी ने कहा कि जिन अस्पतालों ने लोगों का इलाज किया यहां की झारखंड सरकार उन अस्पतालों को भुगतान भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की सरकार गरीबों की चिंता कर रही है उनके चूल्हा, स्वास्थ्य विकास, सड़क, स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन 11 वर्षों मे केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है।

मरांडी ने कहा कि भाजपा ने आतंकवाद को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि देश में झारखंड आतंकवाद के लिए ओर भी संवेदनशील प्रदेश है। पिछले दिनों कई आतंकवाद का ठिकाना झारखंड से मिला है। इसमें कई आतंकवादियों को झारखंड से गिरफ्तार किया गया है। अब तो झारखंड में दो महीना हो गया है। लेकिन झारखंड मे नियमित कोई अधिकृत डीजीपी भी नहीं है, जिससे झारखंड सरकार डीजीपी का काम करा रही है। वह यहां गैरकानूनी तरीके से है। उनका कार्य काल 30 अप्रैल को ही समाप्त हो गया। यहां एसीबी के भी डीजीपी वहीं है। सीआइडी के भी वहीं हैं। इससे समझ सकते हैं कि झारखंड सरकार आतंकवाद को लेकर कितनी गंभीर है। मरांडी ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के आपसी तालमेल पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि केंद्र से जो पैसे आते हैं। उसके बदले में जब तक राज्य सरकार यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं देती है। तब तक केंद्र सरकार पैसे नहीं दे सकती है। केंद्र की ओर से राज्य सरकार को उनके काम के आधार पर दो-तीन किस्तों में विकास के लिए पैसे देती है यह तय मापदंड है। अब राज्य सरकार उनकी प्रमाणिकता से प्रमाण पत्र ही नहीं भेजेंगे, तो उनको कैसे पैसा मिल सकता है। लूटने के लिए पैसा नहीं मिलेगा।

### कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा अपने लक्ष्यों को पाने के लिए तैयार : मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाकर संगठन की अभूतपूर्व शक्ति और जनविश्वास का प्रमाण दिया है. यह उपलब्धि समर्पित कार्यकताओं की निष्ठा, सेवा और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया में कहा कि भाजपा परिवार के स्तंभ हमारे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बंधुओं और सभी सदस्यों को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं! उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति से भाजपा अंत्योदय और विकसित भारत के संकल्प को निश्चित ही साकार करेगी। भाजपा की इस उपलब्धि से स्पष्ट है कि पार्टी आने वाले समय में भी अपने संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की मजबूत नींव और समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार है।

## झामुमो ने बाबूलाल पर किया राजनीतिक हमला

# संगठन बिखरा, नेतृत्व गायब, भाजपा का प्रदर्शन केवल दिखावा : डॉ तनुज खत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा कर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। दिसंबर 2024 से संगठनात्मक चुनाव लटका पड़ा है, लेकिन सात महीने बाद भी 517 प्रखंड अध्यक्ष नहीं बने, ज़िला अध्यक्ष नहीं हैं और पार्टी पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो चुकी है। ऐसे में 264 प्रखंडों में प्रदर्शन का एलान करना भाजपा की राजनीतिक नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है।



### भाजपा का संगठन अधूरा, फिर भी प्रदर्शन का ढोंग

भाजपा आज प्रखंडों में प्रदर्शन करने की बात कर रही है, लेकिन जिन प्रखंडों में अध्यक्ष तक नहीं हैं, वहां प्रदर्शन कैसे और कौन करेगा? ये सब सिर्फ. अंदरूनी अव्यवस्था को ढंकने और जनता को भ्रमित करने का खेल है।

### एक ही आदमी दो-दो पद पर, बाकी पार्टी ठप

बाबूलाल मरांडी को एक साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। ये साफ संकेत है कि भाजपा के पास कोई दूसरा भरोसेमंद चेहरा या नेतृत्व नहीं बचा है। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इन्हीं कारणों से अभी तक नहीं बन पाया है। डॉ. तनुज ने कहा, भाजपा की राजनीति अब मुद्दों पर नहीं, विरोध के नाम पर शोर मचाने में सिमट गयी है। उन्हें न जनता की परवाह है, न राज्य के विकास की चिंता। हर बार चुनाव के पहले जनता की याद आती है, और बाकी समय दिल्ली और रांची में सिरफुटौव्वल चलती रहती है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व के सामने भाजपा के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। यही कारण है कि झारखंड की जनता ने लगातार दो बार भाजपा को पूरी तरह सत्ता से बाहर रखा। भाजपा के शासनकाल में सिर्फ. झूठे वादे हुए, संसाधनों की लूट हुई और जनता के हितों की अनदेखी हुई।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

# झारखंड की धरती पर शिक्षा का महाकुंभ : पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 बना ऐतिहासिक आयोजन

**मंत्रियों से लेकर कुलपतियों और वैज्ञानिकों तक ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौसला, हजारों की भीड़ बनी साक्षी**

**20 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित कर पासवा ने एक बार फिर इतिहास रचा**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम सोमवार को शिक्षा और प्रतिभा का ऐसा विराट संगम बना, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों तक राज्य के हर विद्यार्थी के मनोबल को ऊंचाई देगी। पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। पूरा स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। झारखंड के कोने-कोने से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, प्राचार्य, समाजसेवी और गणमान्य अतिथि इस आयोजन के साक्षी बने। मंच पर मौजूद महानुभावों और नीचे बैठे विद्यार्थियों के चेहरों पर गौरव, सम्मान और आत्मविश्वास की आभा झलक रही थी। यह दृश्य केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह राज्य की प्रतिभा को प्रणाम करने का पर्व था। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की उपस्थिति ने आयोजन को राज्य स्तरीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का आयाम दिया। दीपिका पांडेय सिंह ने मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है ऐसे ही मंचों की, जो उन्हें उड़ान दे। उन्होंने पासवा की पहल को झारखंड के शिक्षा आंदोलन की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन केवल एक अकादमिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी नींव है, जिस पर पूरा भविष्य टिका होता है। मैं मानती हूं कि हर बच्चा अपनी जगह विशेष है। जरूरत है तो बस सही दिशा, मार्गदर्शन और अवसर की। यही इस सम्मान समारोह का उद्देश्य है। प्रतिभा को पहचानना, प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने की ताकत देना। मैं अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने विद्यार्थियों की इस यात्रा में चुपचाप लेकिन दृढ़ साथ निभाया है। एक मजबूत समाज की नींव वहीं रखी जाती है, जहां शिक्षा को प्राथमिकता मिलती है और विद्यार्थियों को प्रेरणा दी जाती है।

डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व वित्त मंत्री एवं पासवा के मुख्य संरक्षक ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह आयोजन बच्चों के आत्मबल और मूल्यपरक शिक्षा को नयी दिशा देने वाला है। मंच पर देशभर के ख्यातिप्राप्त शैक्षणिक और वैज्ञानिक मस्तिष्कों का जमावड़ा था – डीपीएस मथुरा रोड (नयी दिल्ली) के प्राचार्य डॉ राम सिंह, डीएवी कपिल देव के प्रिंसिपल एमके सिन्हा, राजीव चटर्जी (वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन),डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल एसके मिश्रा, रिम्स रांची की सब डीन एकेडमिक्स डॉ अनुपा प्रसाद, आरपीडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ सुचितांग्शु चटर्जी, आइसीएआर-आइआइएबी के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ केके कृष्णानी, डीएवी नंदराज के प्राचार्य एसके तिवारी, क्लूनी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर अमृता, होली क्रॉस की प्रिंसिपल सिस्टर जेनी, डीएवी नीरजा सहाय, कार्मेल स्कूल कांके, हजारीबाग की सचिव मेघाली सेनगुप्ता, चिरंजीवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एसके सिन्हा ने विद्यार्थियों को न केवल सम्मानित किया, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने जब मंच संभाला, तो तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। अपने जोशीले वक्तव्य में उन्होंने कहा, आज के इस अवसर पर, जब हम छात्र प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में एकत्रित हुए हैं, मेरा हृदय गर्व और उत्साह से भर उठा है। मैं उन सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को दिल से बधाई देता हूं जिन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह सम्मान अर्जित किया है। आज झारखंड की धरती पर एक इतिहास रचा गया है। यह केवल पुरस्कारों का नहीं, बल्कि प्रतिभा, परिश्रम और सपनों के सम्मान का आयोजन है। जब तक शिक्षा को पर्व नहीं बनाया जायेगा, तब तक समाज का निर्माण अधूरा रहेगा। पासवा का हर कदम विद्यार्थियों की सफलता के लिए समर्पित है। पासवा की पूरी टीम इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई महीनों से जुटी हुई थी और उनका परिश्रम हर व्यवस्था में साफ नजर आया। पंजीकरण प्रक्रिया, पुरस्कार वितरण, मंच संचालन, सुरक्षा प्रबंधन, अतिथि स्वागत और मीडिया समन्वय – हर पहलू बारीकी से तैयार और क्रियान्वित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में रंग भर दिया। नृत्य, गायन, और पारंपरिक लोक प्रस्तुतियां हर कोने से सराही गयी। कार्यक्रम का हर क्षण विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए गर्व और गर्जना से भरा रहा। पासवा ने इस आयोजन के जरिये यह सिद्ध कर दिया कि झारखंड अब केवल खनिजों और जंगलों की भूमि नहीं, बल्कि बुद्धि, विचार और उज्ज्वल भविष्य की भूमि है। झारखंड के शैक्षणिक इतिहास में यह दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। यह कार्यक्रम केवल छात्रों का सम्मान नहीं था, यह उस सोच का उत्सव था जो शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति मानती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जून, 2025
www.azadsipahi.in




## माहेश्वरी सभा का पूर्वांचल समागम कार्यक्रम 5 जुलाई से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी सभा के पूर्वांचल के अंतर्गत झारखंड बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्कल, असम पूर्वोत्तर, नेपाल चैप्टर का समागम कार्यक्रम रांची सभा के आतिथ्य में 5 और 6 जुलाई को होगा। झारखंड की राजधानी रांची में यह समागम 40 वर्षों बाद हो रहा है। इस समागम में महासभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, निवर्तमान अध्यक्ष श्याम सोनी, मुख्य अतिथि कोलकाता निवासी कमल गांधी, महासभा अर्थमंत्री राज कुमार काल्या, पूर्वांचल उपाध्यक्ष कैलाश काबरा, संयुक्त सचिव छीतर मल धूत, के लव छह राज्यों के अध्यक्ष, सचिव और महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष रांची निवासी शिव शंकर साबू हैं। समागम के मुख्य संयोजक अशोक साबू के दिशा निर्देश में रांची माहेश्वरी सभा, महिला संगठन, युवा संगठन और समाज के सभी सदस्य अपने कार्यभार को निभाते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं। दो दिवसीय समागम की शुरुआत 5 जुलाई को उद्घाटन सत्र के साथ होगा और उसी दिन पूर्वांचल के सभी सदस्यों की चौपाल बैठेगी। चौपाल में समसामयिक और ज्वलंत समाजोपयोगी विषयों पर मुक्त चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास होगा। दूसरे दिन 6 जुलाई को रांची समाज के सभी सदस्यों के साथ बैठक होगी। कार्यक्रम में सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में सहयोग, संतुलन और समाधान की महत्ता पर प्रकाश डाला जायेगा। पहुंचे सभी अतिथियों के मन में झारखंड की संस्कृति की छवि अंकित हो उसका भी ध्यान रखा जा रहा है। रजिस्ट्रेशन, यातायात, आवास, भोजन, प्रचार प्रसार, मीटिंग हॉल प्लेटो में जुठन न रहे सभी कार्यों के लिए टीम का गठन किया गया है। सभी टीम अपने-अपने दायित्वों के कुशल निष्पादन की योजना पर कार्य कर रहे है। इस संबंध में मीडिया प्रभारी अशोक साबू और रश्मि मालपानी ने जानकारी दी।

### प्रथम विश्व युद्ध के सैनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि

## संयुक्त भारत-अफ्रीका स्मृति स्तंभ का अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**माइल 27, तैत टवेटा काउंटी/रांची।** सोमवार को केन्या के तैत टवेटा काउंटी स्थित माइल 27 पर एक भावपूर्ण समारोह में संयुक्त भारत-अफ्रीका स्मृति स्तंभ का अनावरण किया गया। यह स्तंभ प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पूर्वी अफ्रीकी मोर्चे पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अज्ञात भारतीय और अफ्रीकी सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को समर्पित है। इस स्मृति स्तंभ का अनावरण रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और केन्या की रक्षा मंत्री मा. रोसालिंडा सोइपान तुया, इजीएच, कैबिनेट सचिव, रक्षा मंत्रालय, गणराज्य केन्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर केन्या रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी, तैत टवेटा काउंटी के गणमान्य जनप्रतिनिधि, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल तथा राजनयिक और सैन्य समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। यह महत्वपूर्ण पहल केन्या में



भारतीय उच्चायोग के रक्षा विंग द्वारा प्रारंभ की गयी थी और इसे भारत के रक्षा मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से मूर्त रूप दिया गया। इस परियोजना को केन्या रक्षा बलों तथा तैत टवेटा काउंटी के अधिकारियों के सहयोग से क्रियान्वित किया गया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1.4 मिलियन से अधिक भारतीय सैनिकों ने युद्ध में भाग लिया। यह पहला अवसर था जब भारतीय सेना को इतनी बड़ी संख्या में विदेशी भूमि पर तैनात किया गया था, वह भी भारत से भिन्न जलवायु और परिस्थियों में। पूर्वी अफ्रीका में जर्मन सेनाओं का मुकाबला करने हेतु दक्षिण अफ्रीकी, रोडेशियन और भारतीय सैनिकों का मिश्रित बल तैनात किया गया था। हालांकि भारतीय सेना के योगदान को अक्सर संयुक्त युद्ध स्मारकों में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। केन्या में केवल 1235 सैनिकों की स्मृतियां दर्ज हैं, जिनमें 1151 भारतीय सैनिक हैं, जो एक्सपेडिशनरी फोर्स बी का हिस्सा बनकर मोंबासा पहुंचे थे। 1914 से 1918 की अवधि में लगभग 50,000 भारतीय सैनिकों ने पूर्वी अफ्रीका में कदम रखा, जिनमें से किसी भी समय लगभग 15,000 सैनिक सक्रिय मोर्चे पर तैनात रहते थे। कुल 2,972 सैनिक युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए, 2003 घायल हुए और 43 सैनिक लापता या बंदी बनाए गये। कुल मिला कर 5018 भारतीय सैनिक हताहत हुए। इनके अतिरिक्त भी अनेक सैनिक ऐसे थे जिनकी कोई ज्ञात कब्र नहीं है। वे अज्ञात भारतीय सैनिक की भावना को जीवंत करते हैं। इसी प्रकार, अनेक अफ्रीकी/ केन्याई सैनिक भी भारतीय सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े, किंतु अब तक उनके लिए कोई समर्पित स्मारक या कब्र नहीं थी। माइल 27 पर स्थित यह स्मारक स्थल, जहां ऐतिहासिक मिलस्टोन भी स्थित है, भारत और केन्या के साझा बलिदान और स्थायी मित्रता का प्रतीक है। यह स्तंभ न केवल शहीदों की स्मृति को समर्पित है, बल्कि भारत और केन्या की संयुक्त सैन्य विरासत की गहराई और गौरव की भी गवाही देता है। यह पहल भारत-केन्या रक्षा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाती है, जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति समर्पण पर आधारित है।

### 10 जनपथ में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक

## शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल का गठन करने का सुझाव दिया

**परिसीमन में आदिवासियों की सीटें बरकरार रहे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली स्थित 10 जनपथ में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसद शामिल हुए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित इस बैठक में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य के संदर्भ में अपनी राय और सुझाव दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में जमीन से जुड़ी समस्या एक बड़ा मुद्दा है, जिसे हल करने के लिए नये सिरे से सर्वे कराने की जरूरत है। बैठक में मध्यप्रदेश, राजस्थान और झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसद शामिल हुए। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल का गठन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासियों की जमीन से संबंधित मामलों का निबटारा समय पर किया जा सकेगा। काउंसिल की तरफ से आदिवासी परिवार को कानूनी मदद के लिए वकील की व्यवस्था करने और उन्हें बेहतर सुझाव उपलब्ध कराना शामिल रहेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए जनगणना प्रपत्र में सातवां कॉलम या आदि कॉलम, सरना धर्म कॉलम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासियों की धार्मिक पहचान को संरक्षित किया जा सकेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जादूगोड़ा में न्यूक्लियर वेस्ट के डंपिंग के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासी परिवार के लोग कई तरह की शारीरिक रोग से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अविलंब प्रभावितों के पुनर्वास के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाया जाना चाहिए। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर झारखंड में परिसीमन होता है तो ऐसे स्थिति में आदिवासियों के लिए, आरक्षित पूर्व की सीट परिसीमन के बाद भी आरक्षित रहनी चाहिए। वरना आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। बैठक में आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, झारखंड के प्रदेश प्रभारी के राजू, झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसद मौजूद थे।

## सीएमपीडीआइ में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सीएमपीडीआइ द्वारा सोमवार को विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां चलायी गयीं। इसका उद्देश्य सफाई, स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार के नेतृत्व में मुख्यालय-रांची में स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालयीन परिसर की सफाई की गयी। इस अभियान में संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि और कर्मचारी ने भी भाग लिया। वहीं क्षेत्रीय संस्थान स्तर पर भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय संस्थान-7 ने एकल उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए दमन मार्केट और मैत्री विहार पुलिस स्टेशन, भुवनेश्वर में जूट बैग और डिस्टबिन का वितरण किया जबकि नागपुर स्थित क्षेत्रीय संस्थान-4 ने कार्यालय परिसर की सफाई की। धनबाद स्थित क्षेत्रीय संस्थान-2 में कर्मियों ने उत्क्रमित प्लसटू उच्च विद्यालय, कोलाकुसमा में अनावश्यक खरपतवार और झाड़ियों का हटाया। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सीएमपीडीआइ, स्वच्छता हर किसी का दायित्व है थीम के तहत 16 से 30 जून, 2025 तक सक्रिय रूप से स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है।

## एसबीयू में एफडीपी का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षकों में अनुसंधान क्षमताओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के निमित्त सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम – रिसर्च मेथडोलॉजी एडवांस्ड प्रोग्राम (रिमैप 2025) का सोमवार को शुभारंभ हुआ। एसबीयू के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अपने संबोधन में एक मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ ही वैश्विक स्तर पर अकादमिक सहयोगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एफडीपी की सराहना करते हुए विभिन्न विषयों में अनुसंधान के लिए सुदृढ़ कार्यप्रणाली की आवश्यकता को रेखांकित किया। रजिस्ट्रार प्रो एसबी डांडिन ने अपने संक्षिप्त संबोधन में





विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। तीन तकनीकी सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम में संत जेवियर्स कॉलेज की डॉ सुमंत दत्ता ने पहला सत्र इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशन के महत्व और नैतिक पहलू पर प्रस्तुत किया। सनवे विश्वविद्यालय, मलेशिया के डॉ चार्ल्स जेबराजकुमार ने दूसरा सत्र 'स्कोपस-इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशनः क्या करें, क्या न करें' विषय पर लिया। अंतिम सत्र डॉ अरविंद भंडारी द्वारा सिस्टमेटिक लिटरेचर रिव्यू पर एक व्यावहारिक कार्यशाला के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने अकादमिक साहित्य को व्यवस्थित करने और उसका विश्लेषण करने की विधि पर विस्तार से जानकारी दी। एसबीयू प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर सौ से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## रिम्स टू के मुद्दे पर गठबंधन के नेता विरोधाभासी बयान देकर फिक्स्ड मैच खेल रहे : प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह रिम्स टू के भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर अपने सहयोगी दल कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभासी बयान दिलवाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। प्रतुल ने सोमवार को कहा कि यह पूरे तरीके से फिक्स्ड मैच है। सरकार जबरन आदिवासियों की खेती वाली जमीन पर रिम्स टू का निर्माण करने जा रही थी। उस जमीन को सरकारी जमीन बता रही थी। जबकि दस्तावेज बता रहे थे कि जमीन का कभी अधिग्रहण भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में रिम्स टू बनाने के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत



की तो सरकार आदिवासियों के आक्रोश के कारण बैकफुट पर आ गयी। अब सरकार कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभाषी बयान दिलवाकर कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने एक महीने बाद मुख्यमंत्री से मांग की है कि आदिवासियों के कृषि योग्य जमीन पर रिम्स टू का निर्माण नहीं होना चाहिए। यह एक महीना विलंब क्यों हुआ, ये उन्होंने स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के आदिवासी इस जबरन निर्माण के खिलाफ थे। इसलिए, सरकार बचने का रास्ता खोज रही थी। अब लगता है कि सरकार के इशारे पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कह रहे हैं कि हर हालत में रिम्स टू उसी जगह पर बनेगा। यह सिर्फ और सिर्फ कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया और जनता का ध्यान अब इन दोनों नेताओं के बयानों पर चला गया है। मूल मुद्दा नगड़ी के जमीन पर जबरदस्ती निर्माण का था। प्रतुल ने कहा बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट किया था कि किसी भी सूरत में नगड़ी में आदिवासियों की कृषि भूमि पर रिम्स टू नहीं बनने दिया जायेगा।

## ट्रेन में 35.45 लाख की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, कीमती सामान बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** रेलवे सुरक्षा बल, सरकारी रेलवे पुलिस और लोकल क्राइम ब्रांच की तेज और प्रभावी कार्रवाई से ?35.45 लाख मूल्य की हीरे और सोने की आभूषणों सहित नकदी की बड़ी चोरी की घटना को महज 48 घंटों में सुलझा लिया गया। घटना इंदौर-दौंड एक्सप्रेस में हुई, जब इंदौर निवासी एक वरिष्ठ नागरिक महिला ने सुबह 20 जून 2025 को जागने पर अपना हैंडबैग गायब पाया। इस बैग में हीरे की चूड़ी, हीरे का हार, अंगूठियां, सोने की घड़ी, सोने की चेन और ?50,000 नकद सहित कुल लगभग ?40 लाख के कीमती सामान थे। 73 वर्षीय वृद्धा अपने पति के साथ इंदौर से लोनावला धार्मिक भागवत कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थीं। रात में दोनों ने भोजन के बाद सो गये। महिला बहुत सतर्क स्वभाव की थीं, इसलिए उन्होंने अपना बैग हमेशा की तरह अपने बगल में दबाकर रखा और उसी स्थिति में सो गयीं। सुबह जब ट्रेन लोनावला स्टेशन के करीब 7:30 बजे पहुंचने वाली थी, तब महिला की नींद खुली और उन्होंने तुरंत भारतीय रेलवे की हेल्पलाइन संख्या 139 पर कॉल किया। इस घटना से दंपती बहुत परेशान और दुखी हो गये और रोने लगे। जीआरपी लोनावला में एफआइआर दर्ज की गयी। जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर उन स्टेशनों पर भेजीं जहां-जहां यह ट्रेन रुकती है। ट्रेन का रूट इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, खाचरोद, रतलाम, मेघनगर, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण, करजत, लोनावला, चिंचवड़, पुणे और दौंड से होकर गुजरता है। सभी स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गयी। जांच में पाया गया कि एक व्यक्ति कल्याण स्टेशन पर ट्रेन से उतरा लेकिन समय पर स्टेशन से बाहर नहीं निकला। आगे की जांच में पता चला कि वह व्यक्ति पुलिस और कैमरों से बचने की कोशिश कर रहा था। जांच में यह भी पता चला कि वह आदतन अपराधी है और पिछले 15 दिनों से जमानत पर बाहर था। पुलिस ने उसके ठिकाने पर छापा मारकर सभी चोरी के सामान को बरामद कर लिया। आरोपी महेश अरुण घाग उर्फ विक्की, जो मुंबई के चेंबूर का निवासी है, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरी गया सारा सामान सफलतापूर्वक बरामद कर पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया। यह मामला भारतीय रेलवे और महाराष्ट्र पुलिस की यात्रियों की सुरक्षा और त्वरित आपराधिक कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत रेलवे स्टाफ या हेल्पलाइन 139 पर दें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### महाप्रबंधक ने सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सोमवार को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के डायलिसिस यूनिट में एक नवीन डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया। इस डायलिसिस मशीन के चालू होने से और अधिक किडनी रोग पीड़ित मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इससे प्रतिदिन पहले से ज्यादा किडनी के मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर डॉ कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक/नेफ्रो के द्वारा किडनी रोग मरीजों के बारे में जानकारी दी गयी और उनके इलाज में डायलिसिस विधि से उनकी स्वास्थ्य में सुधार के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ यूके पेरुमाल, चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल डॉ सुबोध कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

### नवनिर्मित भोजन कक्ष मैत्री का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा द्वारा दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, (सर्वो) रांची की अध्यक्षा मोना बिंद्रा की उपस्थिति में मंडल कार्यालय परिसर में महिला कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से नवनिर्मित भोजन कक्ष मैत्री का उद्घाटन किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, (सर्वो) रांची के सहयोग से निर्मित मैत्री भोजन कक्ष रांची रेल मंडल में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए एक स्वच्छ और सुसज्जित भोजन स्थल प्रदान करेगा। इस भोजन कक्ष में करीब 20 महिलाओं के बैठने के लिए आरामदायक फर्नीचर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही कक्ष में एक छोटी रसोई एवं एक वॉशरूम भी उपलब्ध है। यह भोजन कक्ष दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, (सर्वो) रांची की देखरेख में संचालित होगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विनोद कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) साकेत कुमार, अन्य शाखा अधिकारी, सर्वो, रांची उपाध्यक्ष अजिता रानी, सचिव रश्मि पिप्पल उपस्थित थे।

### चतरा राइफल शूटिंग क्लब झारखंड के खिलाड़ियों ने रांची ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम



रांची (आजाद सिपाही)। ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 12 पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। तन्नू वर्मा ने 3 गोल्ड मेडल और एक ट्रॉफी जीतकर बाजी मारी। विवेक राज ने 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल अपने नाम किया और रवि यादव ने भी 2 गोल्ड जीतकर झारखंड को गर्व महसूस कराया। समापन समारोह में झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और वरिष्ठ डीआइजी स्तर के अधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चतरा राइफल शूटिंग क्लब के कोच नीतीश कुमार ने कहा कि उनका क्लब आज सिर्फ एक क्लब नहीं, बल्कि एक मिशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि हर बच्चा, हर युवा खेल के जरिए आत्मनिर्भर बने और आने वाले वर्षों में चतरा राइफल क्लब से ओलंपिक स्तर के खिलाड़ी निकलें।

### नगड़ी में फ्री लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया



रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने ग्राम नगड़ी, कांके में फ्री लीगल एड कम लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नगड़ी गांव में रिम्स 2 के नाम पर हो रहे भूमि अधिग्रहण मामले को मद्देनजर रखते हुए आयोजित किया गया था। विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों को निजी उपयुक्त कानूनी सलाह व सहायता प्रदान की और ग्राम पंचायत के अनुरोध पर पेसा एक्ट, सीएनटी एक्ट, एसटी/एससी एक्ट आदि मुख्य विषयों को आम भाषा में उन्हें बताते हुए उनके अधिकारों से उन्हें अवगत कराया। गांव वालों ने बताया कि बिना उन्हें सूचित किए सरकार ने उनकी भूमि को अधिग्रहित करने का कार्य किया है। विद्यार्थियों ने वर्तमान में और भविष्य में उचित कार्यवाही में उपयुक्त सहायता देने का भी वादा किया है। कार्यक्रम इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में अंबेश चौबे, आंचल और आर्यन देव द्वारा संपन्न किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



### नेतरहाट की खूबसूरती को देखकर गदगद हुए राज्यपाल

# नेतरहाट स्कूल देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक : संतोष गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नेतरहाट प्रवास के दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया। वे वहां की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाये रखेगा। राज्यपाल नेतरहाट विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण करने के बाद विद्यार्थियों को



उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। स्कूल के प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां अनुशासन, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के समग्र विकास के किये जा रहे नवाचारों से अवगत राज्यपाल को कराया गया। इसके बाद राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध दवाओं और स्थानीय निवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

राज्यपाल मने नेतरहाट क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ में फैले नाशपाती बागान का भी भ्रमण किया। उन्हें बताया गया कि यहां 'नट' किस्म के नाशपाती भी हैं, जो अपने स्वाद एवं गुणवत्ता के लिए जानी जाती है।

# झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव के लिए युवा कांग्रेस की मेंबरशिप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की चुनाव की घोषणा हो चुकी है। रामगढ़ के गोला विधायक कार्यालय में रामगढ़ जिला युवा कांग्रेस कमेटी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से युवा कांग्रेस की मेंबरशिप फॉर्म लांच की गयी। जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी, भारतीय युवा कांग्रेस संयोजक प्रदीप सिंह माण, संयोजक रजत थापा, युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा की उपस्थिति थे। संयोजक प्रदीप सिंह माण ने बताया कि 27 जून से 3 जुलाई तक सभी पदों का नामांकन होगी । इसमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव,जिला अध्यक्ष, जिला



महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष का पद शामिल है। 15 जुलाई से 15 अगस्त तक मेंबरशिप के माध्यम से वोटिंग की जायेगी, जिसकी उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष तक होगी। विधायक ममता देवी ने कहा कि युवा कांग्रेस एक मजबूत प्लेटफॉर्म है जिसमें बढ़-चढ़कर युवा भाग लेंगे। युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने कहा कि युवा कांग्रेस में हर मेहनती कार्यकर्ता को बराबरी से आगे बढ़ने का मौका मिलता है। युवाओं के हाथ में देश का लोकतांत्रिक भविष्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार महतो, माइकल मिंज, संतोष सोनी , अमित महतो, कौसर रजा, ताहिर अली, उत्तम पटवा, आरिफ अंसारी, मनोज कोटवार उपस्थित थे।

# नाबालिग छात्रा से गैंगरेप, बनाया आपत्तिजनक वीडियो

### पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा

**55 दिन बाद पुलिस के पास आया मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी जो कि नाबालिग है उसे पकड़ा है। नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया है। यह घटना 55 दिन पहले हुई है। पीड़िता ने रविवार (22 जून) की रात में मामला दर्ज करायी है। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी पीड़िता का दोस्त बताया जा रहा है। सदर इलाके की रहने वाली पीड़िता ने रांची के चुटिया थाना में आवेदन देकर बताया कि 29 अप्रैल को शाम 5 बजे उसके दोस्त ने फोन कर नामकुम के लोवाडीह के जोड़ा पुल के पास बुलाया। वहां पहले से तीन लड़का मौजूद थे। उसे उसके दोस्त ने बातचीत के बहाने बुलाया गया था। सभी ने बीयर और कोल्ड ड्रिंक पी। आरोप है कि छात्रा को भी स्प्राइट दी गयी। कुछ देर बाद उसे चक्कर आने लगा। उसने घर जाने की बात कही। एक लड़का (उसके दोस्त) ने स्कूटी पर बैठाकर चुटिया इलाके में ले गया। वहां कॉलोनी में स्थित एक लड़के के कमरे में ले जाकर आराम करने को कहा। इसी बीच छात्रा की तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी और नशा महसूस हुआ, तभी एक लड़के (उसके दोस्त) ने जबरन कपड़े उतारने की कोशिश की। विरोध करने पर बोतल से मारने की धमकी दी। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। रात 10 बजे दूसरा लड़का वहां पहुंचा। उसने भी धमका कर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाया। फिर दोनों भाग गये। छात्रा किसी तरह सुबह ऑटो से घर पहुंची।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि डर के कारण उसने किसी को कुछ नहीं बताया। कुछ दिन बाद एक लड़के ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी और पैसे मांगे। डर कर छात्रा ने करीब 10 हजार रुपये दिये। जब पैसे देने से मना किया तो एक लड़के ने स्कूल में वीडियो वायरल कर दिया। इससे आहत होकर छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों ने समय रहते बचा लिया।

इधर जब पीड़िता के परिजन आरोपी लड़के के घर पहुंचे तो उसकी मां ने पैसे लेकर मामला खत्म करने की बात कही। छात्रा ने बताया कि उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़िता ने बताया कि एक लड़का भी घटना के समय मौजूद था। पीड़िता ने 22 जून 2025 को चुटिया थाना में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस मामले में चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत ने बताया कि नाबालिग के बयान पर मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई की गयी है, जिसमें एक किशोर को पकड़ा गया। आगे की कार्रवाई जारी है। पीड़िता के अनुसार घटना बीते 29 अप्रैल की है।मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता का कोर्ट में बयान दर्ज कराते हुए अन्य कानूनी प्रकिया की जा रही है। इधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि पीड़िता और आरोपी दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौते की बात कई दौर चली। जब समझौता नहीं हुआ, तो पीड़िता के परिजन थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया है।

# वाइबीएन विवि में बीएससी एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के छात्रों का इएलपी संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस द्वारा एग्रीकल्चर (ऑनर्स ) सत्र 2021-2025 के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (इएलपी) का प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपने इएलपी के दौरान किये गये कार्यों और अनुभवों को प्रस्तुति के माध्यम से साझा किया।

छात्रों ने फसल उत्पादन, उद्यानिकी, जैविक खेती, कृषि उद्यमिता, कीट एवं रोग प्रबंधन,



खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, और ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (आरवे) से संबंधित अनुभवों को साझा किया। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इएलपी जैसे कार्यक्रम न केवल छात्रों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाते हैं। विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक्स डॉ अर्पणा शर्मा ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को नवाचार, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल में दक्ष बनने का अवसर देता है।

कार्यक्रम में डॉ शरवन कुमार सिंह, डॉ सुस्मिता महापात्रा, डॉ आभा नूतन कुजूर, आशा पूरण और इंजीनियर कौशल किशोर भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें कृषि के क्षेत्र में नवाचार एवं सतत विकास के लिए प्रेरित किया।

# बालिका आवासीय विद्यालय में घुसा पानी

### देवेंद्र नाथ के आंदोलन के बाद हुआ समस्या का समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बरसात का मौसम दस्तक देते ही सरकार के भ्रष्टाचार का पोल खुल रहा है। सोमवार को जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो छात्रों द्वारा शिकायत मिलते ही ईस्ट जेल रोड रांची स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय विद्यालय बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के क्लास रुम, हॉस्टल रुम और किचन रुम में घुटना भर पानी भरा हुआ पाया गया।

छात्राओं की समस्या को देखते हुए देवेंद्र नाथ महतो पानी के ऊपर लेटकर आंदोलन शुरू कर दिया और बताया कि विभागीय लापरवाही के कारण दो दिनों से विद्यालय के अंदर पानी भरा हुआ है पढ़ाई पूरी तरह बाधित है। कोई भी अधिकारी पदाधिकारी संज्ञान में नहीं लेना झारखंड के लचर व्यवस्था को



दर्शाता है।

स्थानीय विधायक सीपी सिंह, कल्याण विभाग प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय भगत, रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और नगर निगम को समस्या से अवगत कराते हुए जबतक समस्या का समाधान नहीं होगा तक तक पानी के अंदर लेटकर आंदोलन जारी रखने का चेतावनी दिया। इसके बाद नगर निगम का टीम पहुंची और दो घंटे के अंदर समस्या का समाधान किया गया। मौके पर देवेंद्र नाथ महतो स्थानीय विधायक और विभागीय अधिकारियों को त्वरित समस्या का समाधान करने के लिए आभार जताया।

## राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने टाटा रोड पर बिजली का खंभा बदलने की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। नामकुम बाजार से पतराटोली जाने वाले टाटा रोड के किनारे दाहिने तरफ बिजली का खंभा लगा हुआ है, जो पिछले 2 वर्षों से टूटा हुआ है और बिजली की तार के सहारे सड़क की ओर झुका हुआ है। इसके ठीक ऊपर 33, नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक चलता रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय निवासी सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने विद्युत कार्यपालक अभियंता, टाटीसिलवे, कुसई, डोरंडा, रांची को आवेदन पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने खंभा बदलने की मांग की है। आवेदन पत्र में कहा गया है कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है और हवा पानी का मौसम शुरू हो गया है, जिससे खंभा गिरने की संभावना बढ़ गयी है। आवेदन पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि खंभे नहीं बदला गया तो विभाग किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना के लिए उत्तरदायी होगा। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और खंभा बदलने का आश्वासन दिया है।

## घरेलू कामगारों के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन करे सरकार: अंशु

खूंटी। राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन के तत्वावधान में सोमवार को खूंटी क्लब में अंतरराष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बड़ाईक टोली से रैली निकालकर की गई, खूंटी क्लब तक पहूंची। रैली में बड़ी संख्या में घरेलू कामगार शामिल हुए और अपने अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की। इस अवसर पर संगठन की संयोजिका अंशु ने कहा कि गत 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को घरेलू कामगारों के लिए कानून बनाने और विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्देश दिया था, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कानून बनाने की मांग की। रेनू लिंडा ने कहा कि 2011 के आईएलओ कन्वेंशन 189 के तहत घरेलू कामगारों को सम्मानजनक कार्य का अधिकार मिला था, लेकिन भारत सरकार अब तक उस पर हस्ताक्षर नहीं कर पाई है, जिससे लाखों घरेलू कामगार अधिकारों से वंचित हैं।

# एअर इंडिया की जयपुर-दुबई फ्लाइट के कॉकपिट में खराबी

- 130 यात्री सवार थे, उड़ान रद्द की गयी
- श्रीनगर जा रही फ्लाइट भी लैंड किये बिना दिल्ली लौटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जयपुर/इंदौर।** देश की एयरलाइन्स की फ्लाइट में तकनीकी खामी आने और फ्लाइट के रद्द होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट और इंडिगो की एक फ्लाइट में समस्या आयी। वहीं, रविवार को एअर इंडिया की फ्लाइट से पक्षी टकराने के चलते अगली फ्लाइट रद्द कर दी गयी थी।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट :** सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गयी। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 यात्री सवार थे। पांच घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गयी। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया।

### फ्लाइट बिना लैंडिंग किये दिल्ली लौटी

एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किये बिना दिल्ली लौट गयी। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट नंबर आइएक्स-2564 को श्रीनगर से पहले जम्मू में उतरना था। मौसम और रनवे साफ थे, लेकिन पायलट को उचित लैंडिंग पॉइंट नहीं मिला।

### इंडिगो की इंदौर से भुवनेश्वर की फ्लाइट

सोमवार को इंदौर से भुवनेश्वर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6इ 6332 (एयरबस ए320 नियो विमान) तकनीकी खराबी के चलते रनवे के बीच से लौट आयी। फ्लाइट में 80 से ज्यादा यात्री सवार थे। इंदौर एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर ने बताया कि विमान में माइनर टेक्निकल फॉल्ट की जानकारी सामने आयी थी। सुधार के बाद विमान इंदौर से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गया है। विमान करीब ढाई घंटे तक रनवे पर खड़ा रहा। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे।

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद में 2000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

# छोटी छोटी गइया छोटे छोटे ग्वाल... पर झूमे भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 212वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण विशाल जालान के सौजन्य से किया गया। तत्पश्चात भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों



छोटी छोटी गइया छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल..., जब जब तुझे पुकारू मैं मेरे श्याम आ जाता मेरे सामने की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गयी।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, विष्णु सोनी, संजय सर्राफ, पवन कुमार पोद्दार, मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार, सूरज कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

# स्व. आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि पर नेत्र और दंत जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में स्व.आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्व. आदित्य प्रकाश जालान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ-साथ अनेक छात्र/छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इस शिविर का लाभ लिया।

दंत शिविर में कुल 185 लोगों ने एवं नेत्र शिविर में कुल



200 लोगों ने लाभ उठाया। नेत्र जांच शिविर में आईरिस सुपर स्पेशलिटी आई केयर सेंटर, रांची की टीम उपस्थित थी।

हैल्थस्क्रीन हॉस्पिटल से डॉ. सुमन दुबे के अतिरिक्त त्वचा एवं बाल रोग विशेषज्ञ शशि कुमार वर्मा एवं आनन्द जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में किरण जालान, अनिता जालान, नमन जालान, डॉ पार्थ परितोष, सिद्धार्थ जालान, डॉ ज्ञानेन्द्र त्रिवेदी, कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी, शुभा शर्मा, वागीश, डॉ सरिता, ओमप्रकाश, प्रमोद, सुरेंद्र, विवेक, निकिता, मिनी, गोकुल, अजय, रजनीश सहित विद्यालय एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एसईआर-ईपीसी-मूरी-आरएनसी-टीओआरआई-2x25 केवी, दिनांक: 19.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व रेलवे, 11 कॉन्वेंट रोड, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम और उसका स्थान:** ईपीसी मोड पर 3000 मीट्रिक टन लदायी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के मूरी-रांची-टोरी खंड पर 2x25 केवी सिस्टम में 132 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसपी) और सब सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसएसपी) की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरुआत। **कार्य पूरा करने की अवधि:** नियत तारीख से 540 दिन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 162,17,96,377.19। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 82,59,000। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 180 दिन। **जिज्ञासाएं प्राप्त करने की अंतिम तारीख:** 03.07.2025। **बोली-पूर्व बैठक:** 07.07.2025 को सुबह 11.30 बजे। **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य। **क्लॉज़ संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण:** 11.08.2025 (अपराह्न 3.00 बजे भा.मा.स.)। **निविदा बंद होने की तारीख:** 07.08.2025 (दोपहर 2:00 बजे भा.मा.स.)। वेबसाइट का विवरण हां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in**। (PR-300)

# टकराव बढ़ेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह भले यह दावा किया हो कि ईरान की तीन अहम न्यूक्लियर साइट्स को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है, लेकिन हकीकत में इस संघर्ष में सीधे कूद कर उन्होंने अनिश्चितता बढ़ा दी है। यहां से इसी बात की आशंका ज्यादा है कि अब टकराव और भयानक होगा।

**बातचीत का रास्ता बंद :** इस हमले से दो दिन पहले वाइट हाउस ने बताया था कि इस्राइल-ईरान संघर्ष में शामिल होने को लेकर कोई भी फैसला दो हफ्ते में लिया जायेगा। तब इससे यही कयास लगे थे कि ट्रंप ने तेहरान के सामने बातचीत का भी रास्ता खुला रखा है। लेकिन, इस कार्रवाई से लगता है कि कूटनीति के लिए जगह नहीं बची। वार्ता का विकल्प खत्म होना किसी के हक में नहीं है।

**अनिश्चित लक्ष्य :** इस्राइल और अमेरिका दो प्रमुख लक्ष्य के साथ इस संघर्ष में उतरे हैं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम का पूरी तरह से खात्मा और सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत। हालांकि यह अब भी नहीं कहा जा सकता कि अमेरिकी दखल के बावजूद इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा होने के करीब पहुंच गया हो। और इस बात का अंदाजा भी कोई नहीं लगा सकता कि इसमें कितना वक्त लगेगा। तो यह सवाल रह जाता है कि एक दिन पहले तक शांति के नोबेल की बात कहने वाले ट्रंप ने इस अटैक से क्या हासिल किया?

> इस्राइल और अमेरिका दो प्रमुख लक्ष्य के साथ इस संघर्ष में उतरे हैं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम का पूरी तरह से खात्मा और सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत। हालांकि यह अब भी नहीं कहा जा सकता कि अमेरिकी दखल के बावजूद इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा होने के करीब पहुंच गया हो।

**हमलों का डर :** अमेरिकी एक्शन ने संघर्ष की आग को भड़काने के लिए ईंधन दे दिया है। कतर, बहरीन, कुवैत, इराक, यूएइ समेत पश्चिम एशिया के कई देशों में अमेरिका के सैन्य ठिकाने हैं। ईरान ने इन्हें निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। अगर वह इस पर अमल करता है तो युद्ध और फैलेगा। इन सभी जगहों को किसी हमले से पूरी तरह सुरक्षित रखना अमेरिका के लिए भी संभव नहीं।

**आर्थिक पहलू :** इस टकराव को लेकर शुरू से सबसे बड़ी आशंका जतायी जा रही है ऑयल सप्लाई को लेकर। ईरान के पास दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग - Strait of Hormuz की कुंजी है। यहां थोड़ा-सा भी अवरोध डगमगाती ग्लोबल इकॉनमी के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऑयल व नैचुरल गैस सप्लाई पर पहले से दबाव है और शायद वह और दबाव न झेल पाये।

**धुंधलाती उम्मीद :** एक के बाद एक, महामारी और युद्धों से जूझ रही दुनिया को स्थायित्व और शांति की जरूरत थी, लेकिन डर है कि अमेरिकी हमले ने ऐसी किसी उम्मीद को फिलहाल खत्म कर दिया है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है।**

# मां की शक्ति, बच्चों का भविष्य: योग से बदलता परिदृश्य



अन्नपूर्णा देवी



चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि-मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएं ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है और योग इसकी कुंजी है। योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है-योगः कर्मसु कौशलम, अर्थात योग कर्मों में कौशल है।

भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम, एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग है' जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है।

> वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में,महिलाएं हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने भी इस बात पर जोर दिया है कि योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है – आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं। जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाये।

भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपना कर महिलाएं गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं। प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और मां-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है। महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो।

आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

हमारी प्रमुख योजनाएं, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण संबंधी सेवाएं प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।

वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में,महिलाएं हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

आइटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएं नयी अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएं असाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-और योग उनकी इस अपार क्षमता का आधार है।

योग के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। महिला और बाल विकास की अपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं । योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए और हमारी सरकार इस मुहिम को देश के हर हिस्से में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विकसित भारत@2047 की ओर हमारी यात्रा में, योग एक संवेदनशील, सशक्त और लचीला समाज गढ़ने की दृष्टि प्रदान करता है। आइए, हम सभी मिलकर स्वस्थ भारत की प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य और राष्ट्रीय समृद्धि में योग को अपनाने की दिशा में एकजुट हों।

**(लेखिका : केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# भाजपा सोनारी मंडल के शक्ति केंद्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गयी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल द्वारा सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। सोनारी नॉर्थ लेआउट स्थित यादव सभागार में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह, डॉ जटा शंकर पांडे, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री सोनू ठाकुर, अभिषेक डे, अखिलेश सिंह, संजय मुंडा और अजय रजक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वन विभाग की चेतावनी से बोड़ाम के ग्रामीणों में दहशत, आंदोलन की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के दलमा क्षेत्र की तराई में बसे ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की चेतावनी और मकान खाली करने के मौखिक निर्देश दिये जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है वे पीढ़ियों से इस क्षेत्र में निवास करते आ रहे हैं, लेकिन अब उन्हें बेघर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को आंदोलनकारी एवं समाजसेवी आस्तिक महतो ने बोंटा पंचायत पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया किसी भी हाल में उनके घर नहीं तोड़े जायेंगे। श्री महतो ने कहा वन विभाग ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा न ले, अन्यथा सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन किया जायेगा।



आस्तिक महतो ने यह भी कहा इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे।इस अवसर पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, पूर्व मुखिया हरि प्रसाद किस्कू, उप मुखिया विनोद सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** निजी दौरे पर जमशेदपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का सोमवार को साकची स्थित भाजपा जमशेदपुर महानगर कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर गिरिराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन हित में सक्रिय रूप से काम करने की प्रेरणा दी और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ओझा ने कहा केंद्रीय मंत्री का आगमन कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और उत्साह का क्षण है, जिससे उन्हें नई ऊर्जा मिली है।

# कदमा पुलिस को मिली बड़ी सफलता अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले अपराधी हरिकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, चार जिंदा गोली और दो मैगजीन बरामद किए गए।सोमवार को जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया एसएसपी को मिली गुप्त सूचना मिली एक युवक क्षेत्र में लोगों को डराकर वसूली कर रहा है। इसके बाद डीएसपी मनोज ठाकुर और कदमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हरिकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया।उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद किया गया। फिलहाल जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सरायकेला में उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सतेंद्र महतो समेत सभी बीडीओ, सीओ, एमओ, गोदाम प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।मौके पर खाद्यान्न आपूर्ति, जन वितरण प्रणाली, दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति, चावल दिवस, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी लाभुकों को समय पर उचित दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया।उन्होंने कहा प्रत्येक माह कम से कम 10 पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक, फसल और घर तबाह



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रसुनियां पंचायत अंतर्गत हाथीनादा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने विमल मांझी के खेत में लगे पपीता और आम के पेड़ों को पूरी तरह नष्ट कर दिया, वहीं विदेश मांझी के आम और कटहल के पेड़ों को भी क्षति पहुंचाई। आनंद मांझी की लगभग एक एकड़ में फैली मकई की फसल रौंद दी गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया हाथियों का झुंड लगातार क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने बताया दलमा सेंचुरी से पलायन कर आए हाथियों ने अब ईचागढ़ क्षेत्र को अपना ठिकाना बना लिया है। चांडिल जलाशय के पास भी उनकी उपस्थिति देखी गयी है। पर्याप्त पानी और भोजन मिलने के कारण हाथी इस क्षेत्र में टिके हुए हैं।ग्रामीणों ने कहा हर वर्ष केंद्र से राज्य सरकार को वन विभाग के लिए करोड़ों रुपये देते है, लेकिन जमीनी स्तर पर हाथियों से बचाव की व्यवस्था नहीं की जाती। लगातार फसलों और घरों को नुकसान पहुंचने से ग्रामीण आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं।

# डालसा के प्रयास से चार मृतक के परिवारों को मिलेगा सरकारी लाभ



**बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** बोड़ाम प्रखंड के चार मृतक असंगठित मजदूरों के परिजनों को अब सरकार की असंगठित कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना का लाभ मिलेगा। डालसा पीएलवी निताई चंद्र गोराई और नागेन्द्र कुमार के प्रयास से संबंधित आवेदन सोमवार को सीताराम डेरा स्थित श्रमायुक्त कार्यालय में जमा किया गया।लाभार्थियों में नामशोल की नुनीबाला सिंह, लावजोड़ा की बासंती सिंह, कांदरूजोना की सरला सिंह और मोहनपुर की मनिका सबर शामिल हैं।श्रम अधीक्षक ने शीघ्र जांच कर सभी लाभुकों के खातों में राशि भेजे जाने का आश्वासन दिया।ज्ञात हो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर पूर्व में शिविर लगाकर इन मजदूरों का निबंधन कराया गया था। लेकिन जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित रह गए थे। अब पुनः पहल कर आवेदन जमा कराये गये।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ओलंपिक दिवस का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जेम्को आजाद बस्ती उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ओलंपिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सोमवार को कार्यक्रम के तहत छात्रों ने रैली निकाली और विभिन्न खेल, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।प्रधानाध्यापक धनंजय श्रीवास्तव ने ओलंपिक मूल्यों,उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान के महत्व को रेखांकित करते हुए खेल भावना और अनुशासन को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर राकेश कुमार, रोहित कुमार, अंजू वर्मा, करनदीप सिंह, रितु सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 4.5 किमी सड़क का किया शिलान्यास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका विधानसभा अंतर्गत बागबेड़ा रामनगर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। सोमवार को सांसद विद्युत वरण महतो और पोटका विधायक संजीव सरदार ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर सड़क का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगभग 2.32 करोड़ की लागत से 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जायेगा। विधायक संजीव सरदार ने कहा यह शिलान्यास उनके चुनावी वादों को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। बागबेड़ा के जनता की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है।

# वज्रपात से एक मनरेगा मजदूर की मौत, चार घायल

मनरेगा कूप निर्माण कार्य में लगे थे लाभुक और उनका पुत्र और तीन मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में सोमवार के अपराह्न करीब 3 बजे हल्की बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मनरेगा मजदूर अशर्फी प्रजापति 50 वर्ष पिता स्वर्गीय शिव महतो की मौत हो गई, जबकि लाभुक एवं उसका पुत्र समेत चार लोग घायल हो गये। मृतक को लेकर मेराल सीएचसी पहुंचा मृतक का भाई उमेश प्रजापति ने बताया कि सभी बाना के कुम्हार टोला में गांव के ही रामनाथ प्रजापति के मनरेगा सिंचाई कूप में जोड़ाई का काम चल रहा था इसी दौरान वर्षा शुरू हो गयी, बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास के ही हरिहर पासवान के घर में बचने जा रहे थे कि वज्रपात की घटना हो गयी, जिसमें आगे चल रहे अशर्फी प्रजापती की मौत हो गयी। जबकि लाभुक रामनाथ प्रजापति एवं उसका पुत्र राजू प्रजापति 40 वर्ष, विकास प्रजापति 32 वर्ष तथा जवाहर प्रजापति 40 वर्ष घायल हो गये। परिवार वालों द्वारा आनन फानन में अशर्फी प्रजापति को मेराल सीएचसी में लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बाद में पहुंचे घायलों का इलाज किया गया। सभी घायल खतरे से बाहर बताये गये। घटना के संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग के नियमानुसार मृतक के परिजन को चार लाख तथा घायलों को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि अशर्फी प्रजापति के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा जा रहा है। इस घटना से परिवार वालों के साथ पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## पिपरीकला में वज्रपात से किसान की मौत



मृतक किसान की फाइल फोटो।

**बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरीकला गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान 48 वर्षीय शिवकुमार राम चंद्रवंशी के रूप में हुई है। वह गांव के ही निवासी पुरन चंद्रवंशी के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुरा थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई रंजीत कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की मांग की है।

## सोन नदी में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत



मृतक की फाइल फोटो।

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र के सोनतटीय इलाके में रविवार को पांच युवक सोन नदी में नहाने गये थे, जिसमें चार युवक नहा कर घर लौट आये, परंतु दस वर्षीय बच्चा अशोक उरांव के पुत्र जयंत उरांव देर रात तक घर नहीं लौटा। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया। इसके बाद खोजबीन जारी हुआ तभी सोमवार की सुबह केतार थाना क्षेत्र के मेरौनी में बच्चा का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम होकर आने के बाद शव को दफनाया गया।

# चार करोड़ की लागत से बन रही सड़क पहली बारिश में ही धंसी, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब चार करोड़ अड़तीस लाख सत्तहत्तर हजार रुपये की लागत से बन रही पक्की सड़क पहली ही बारिश में धंसने लगी है। इससे न सिर्फ संवेदक की कार्यशैली, बल्कि पूरे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो गये हैं। यह सड़क मझिगावां ओपी से शुरू होकर मुसहरवा डेरा होते हुए मझिगावां बस स्टैंड तक कांडी-केतार मेन रोड को जोड़ती है। कार्य का जिम्मा ग्रामीण कार्य विभाग, गढ़वा की ओर से नंदनी कंस्ट्रक्शन (पवन सिंह) को दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य शुरू होते ही पीसीसी और पुलिया निर्माण में अनियमितता की शिकायतें सामने आने लगी थीं। इसके बावजूद संवेदक ने किसी की नहीं सुनी और निर्माण कार्य जारी रहा। अब पहली ही बारिश में सड़क धंसने से संवेदक की लापरवाही और घटिया निर्माण की पोल खुल गयी है। सबसे गंभीर बात यह है कि संवेदक द्वारा सड़क के किनारे साइड फीलिंग का कार्य नहीं कराया गया, जिससे सड़क के किनारे खाई जैसी स्थिति बन गयी है और वाहनों के गुजरने पर सड़क के कोर टूटने लगे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गयी है। स्थानीय ग्रामीण रामलखन राम, नरेश राम, विनोद राम और सुरेंद्र राम सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि वर्षों के संघर्ष के बाद यह सड़क बनी है, लेकिन बनते ही खराब होने लगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के किनारे गार्डवाल का निर्माण कराया जाये और घटिया निर्माण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में संवेदक पवन सिंह ने कहा कि बरसात के बाद सड़क की मरम्मत की जायेगी और साइड फीलिंग का कार्य भी कराया जायेगा। वहीं आरईओ के जूनियर इंजीनियर सरयू राम ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क किनारे जमीन नहीं छोड़े जाने के कारण साइड फीलिंग में दिक्कत हो रही है।

## निर्माण कार्यों में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर संवेदकों के साथ एसपी ने की बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संवेदकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्माण कार्य के दौरान सामने आ रही आपराधिक समस्याओं पर चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि निर्माण स्थलों पर किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की स्थिति में गढ़वा पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल कार्यस्थल पर मौजूद मुंशी द्वारा गढ़वा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 6201261084 या 06561-222314 पर दी जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई कर कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि गढ़वा पुलिस जिले में सभी निर्माण कार्यों को भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संवेदकों को निर्माण स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, प्रमुख सड़कों को कवर करने वाले कैमरे लगाने, कर्मचारियों को निकटवर्ती थाना के पेट्रोलिंग दल से संपर्क में रहने और अपना मोबाइल नंबर थाना को देने जैसे सहयोगात्मक कदम उठाने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने निर्माण कार्यों में लगे सभी लोगों से सतर्कता और समन्वय बनाए रखने की अपील की है।

## रंका में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र रंका के तत्वावधान में रंका आर के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में 23 जून 2025 से दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 -26 का शुभारंभ रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों के द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता अंडर 15 ब्वायज एवं अंडर 17 ब्वायज एंड गर्ल्स के लिए आयोजित किया गया था, जो 24 जून 2025 को संपन्न होगा। इस अवसर पर बीडीओ शुभम बेला तोपनों ने फीता काट, प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल को किक मारकर खेल की शुरूआत की।

## ठगों ने डीसी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर 'मईयां सम्मान योजना' की मांगी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आज जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के नाम व फोटो का उपयोग कर एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया है। इस फर्जी अकाउंट से आम नागरिकों को कॉल कर 'मईयां सम्मान योजना' के नाम पर उनकी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण और अन्य गोपनीय सूचनाएं मांगी जा रही हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त अथवा जिला प्रशासन की ओर से किसी भी सरकारी योजना हेतु इस प्रकार की व्यक्तिगत कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी नहीं मांगी जाती है। यह कृत्य पूर्णतः फर्जी और साइबर ठगी का प्रयास है।

इस संबंध में उपायुक्त श्री यादव ने सभी गढ़वा जिले वासियों से अपील की है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज का उत्तर न दें तथा कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करें। यदि इस प्रकार की कोई कॉल या मैसेज प्राप्त हो तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर सेल गढ़वा को दें।

उपायुक्त ने सभी से सतर्क रहने तथा सुरक्षित रहने की अपील की है। इस विषय में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है और संबंधित एजेंसियों को मामले की जांच हेतु निर्देशित किया गया है।

# नहर पर बनी पुलिया की मिट्टी बारिश में बहने से बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर जहां सड़कों पर कीचड़ व जलजमाव की समस्या बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर मझिगावां पंचायत में अर्णव प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन नहर पर बनायी गयी पुलिया भी बारिश की भेंट चढ़ गयी है। यह पुलिया मझिगावां गांव की एक महत्वपूर्ण सड़क पर स्थित है, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों छात्र-छात्राएं विद्यालय जाते हैं। परंतु हालिया बारिश में नौका बांध के पश्चिम दिशा में स्थित पुलिया के पास की मिट्टी पूरी तरह बह गयी है, जिससे राहगीरों के लिए आवाजाही अत्यंत जोखिमभरी हो गयी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, अब लोग पुलिया पर बची थोड़ी-सी मिट्टी के सहारे किसी तरह पार कर रहे हैं। यदि और तेज बारिश हुई, तो यह मिट्टी भी बह जायेगी और संपर्क पूरी तरह टूट जायेगा। इससे विद्यालय जाने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और उनकी जान का भी खतरा बना रहेगा। सखुईया खाला, रानीदेवा तथा बनरखोहा टोला की ओर जाने वाले ग्रामीणों को भी इस पुलिया की स्थिति के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब अर्णव प्रोजेक्ट लिमिटेड के संवेदक से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मौके पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर पुलिया को दुरुस्त किया जायेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## आरके प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** आरके प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों के बीच मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों पर आधारित जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को इन बीमारियों के लक्षण, बचाव और रोकथाम के प्रति जागरूक बनाना था। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी जानकारी व रचनात्मकता के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर आर्यन कुमार शर्मा और तृतीय स्थान पर आंचल कुमारी रहीं। इस अवसर पर एमटीएस विधानंद प्रजापति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इन बीमारियों से बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप उपाध्याय, एमपीडब्ल्यू गुप्तेश्वर प्रसाद, उपेंद्र साह, रानी कुमारी, सुनील कुमार, राकेश वर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सोमवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी एवं विद्यालय के संस्थापक सदस्य सीता राम पाठक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने साईकिल रैली निकाल कर क्षेत्र में नशा विरोधी संदेश फैलाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं ने नशे को कहो ना, शिक्षा को कहो हां, हमने ठाना है नशा नहीं अपनाना है जैसे गगनभेदी नारों से पूरे प्रखंड में नशा विरोधी माहौल बनाया। छात्राओं ने पोस्टर, शायरी, भाषण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को रेखांकित किया। इस मौके पर शिक्षक अजय वर्मा,मनोरमा टोप्पो,सत्या कुमारी, कृष्ण कुमार रावत, चंद्रधन राम, विनोद प्रसाद यादव, सीआरपी प्रभात कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

# अदम्य साहस के धनी और मानवतावादी थे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी : ठाकुर प्रसाद



भाजपा जिला कार्यालय में मनी डॉक्टर श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनय कुमार चौबे, भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केसरी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित और डॉ मुखर्जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। उक्त मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद्, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक के अलावे अदम्य साहस के धनी और सहृदय मानवतावादी थे। उनके द्वारा किए गये अमूल्य कार्य के कारण हम सभी उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिला था। उन्होंने अपने जीवन काल में वकील, कुलपति सहित अन्य पद को सुशोभित किया लेकिन देश सेवा का भाव उनकी रगों में भरा था। भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनय चौबे ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापत्तनम में जहाज बनाने का कारखाना, बिहार में खाद का कारखाना सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किया। भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केसरी ने कहा कि नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान का नारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही दिया था। मौके पर ब्रजेश कुमार उपाध्याय, उदय कुशवाहा, राजकुमार मद्धेशिया, मुन्ना तिवारी, कैलाश कश्यप, जयंत पांडेय, कंचन पांडेय, बनवारी, मारुति नंदन, श्रीकांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महान राष्ट्रभक्ति थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : मनोज



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। बूथ नंबर 60 पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को महान राष्ट्र भक्त बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा कि मुखर्जी जी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का विरोध करते हुए कहा था कि देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रूप महतो, अमित कुमार साह, रोहित कुमार, वीरेंद्र चौधरी, धनंजय चौधरी, रघुवीर साव, सुधांशु शेखर शामिल थे।

# 'कॉफी विद एसडीएम' में शामिल होंगे बस संचालक और बस एजेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा के बस संचालक एवं बस एजेंट शामिल होंगे। बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र की विधि व्यवस्था एवं क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा में प्रशासनिक समन्वय को बेहतर करने के उद्देश्य से इस बार बस संचालन से जुड़े प्रतिनिधियों को एसडीएम ने अपने यहां काफी संवाद में बुलाया है। उक्त संवाद बुधवार दिनांक 25 जून 2025 को सुबह 11:00 बजे प्रस्तावित है। यह आयोजन विशेष रूप से क्षेत्र के सभी बस ऑपरेटरों एवं एजेंटों के साथ प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याएं और उनके सुझावों को सुनने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बस संचालन से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं, नियामकीय दिशा-निर्देशों, परमिट संबंधी विषयों, सुरक्षा मानकों, विधि व्यवस्था जैसे मुद्दों पर खुली चर्चा की जायेगी। हर सप्ताह की तरह इस बार भी सदर एसडीएम संजय कुमार स्वयं इस बैठक की मेजबानी करेंगे और उपस्थित सभी भागीदारों से संवाद स्थापित कर उनके विचार, समस्याएं एवं सुझाव सुनेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**शुद्धि पत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- BCD/EE/HAZARIBAG/14/2025-26, PR संख्या-351641 (Building)25-26-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0-04 ,कार्य का नाम- Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Badiya Javad , Block-Barhi, District-Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 355771 (Building) 25-26 (D)


# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

# खिलाड़ी नशापान से दूर रहें : अंतरराष्ट्रीय रेफरी शैलेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कुश्ती प्रतियोगिता बालक बालिका का आयोजन किया गया। कुश्ती का शुभारंभ प्रशिक्षक सह अंतर्राष्ट्रीय रेफरी शैलेंद्र पाठक ने पहलवानों को आशीर्वाद देकर किया। इसमें मौके पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप सभी नशा पान से दूर रहें। क्योंकि आपका शरीर जब तंदुरुस्त रहेगा, तो मानसिक रूप से भी आप तंदुरुस्त रहेंगे। इसलिए आप खेलों में निष्ठा व लग्न के साथ जुड़े रहें। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में जिला कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह, एथलेटिक्स के प्रशिक्षक रमाशंकर सिंह, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, वॉलीबॉल के प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव किशोर कुणाल पासवान, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी प्रियंका कुमारी, राष्ट्रीय मेडलिस्ट खिलाड़ी दीपक कुमार, खेल विभाग के कर्मचारी कुश कुमार के साथ ही सैकड़ों की संख्या में कुश्ती एथलेटिक्स वॉलीबॉल के बालक बालिका खिलाड़ी उपस्थित थे। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## कुश्ती दंगल के परिणाम इस प्रकार से रहे

**बालक वर्ग**

45 किलो भार वर्ग में
अतुल सिंह - स्वर्ण पदक
अमित सिंह - रजत पदक
50 किलो भार वर्ग में
त्रिदेव कुशवाहा - स्वर्ण पदक
सत्यम कु० पाठक- रजत पदक
55 किलो भार वर्ग में
अभय कुमार - स्वर्ण पदक
आयुष कु सिंह - रजत पद?क
60 किलो भार वर्ग में
धीरज कुमार- स्वर्ण पदक
बादल प्रजापति - रजत पदक
65 किलो भार वर्ग में
पवन कुमार- स्वर्ण पदक
अभिजित कु सिंह- रजत पदक

**बालिका वर्ग**

32 किलो भार वर्ग में
श्रेया कुमारी - स्वर्ण पदक
प्रियंका कुमारी -रजत पदक
36 किलो भार वर्ग में
कृति कुमारी - स्वर्ण पदक
परि कुमारी-रजत पदक
40 किलो भार वर्ग में
शिवानी कुमारी- स्वर्ण पदक
नंदनी कुमारी-रजत पदक
42 किलो भार वर्ग में
महेक सिंघानिया- स्वर्ण पदक
सुप्रिया कुमारी- रजत पदक
45 किलो भार वर्ग में
सोनम कुमारी -स्वर्ण पदक
खुशी कुमारी - रजत पदक
50 किलो भार वर्ग में
सोनाली कुमारी- स्वर्ण पदक
दिव्या कुमारी - रजत पदक।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, KODERMA**

**Very Short e-Procurement Notice (2nd Call)**

**Tender Reference No:- 02/BCD/EE/KODERMA/2025-26 Date:-23-06-2025**

| Gr. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | REPAIR WORK OF MALE WARD (2.0NOS) AT MANDAL KARA KODERMA IN THE DIST OF KODERMA. | 1,08,99,473.00 | 6 Month |
| i. | Date of Publication of Tender on website | 01.07.2025 at 10:00AM | |
| ii. | Last date/Time for receipt of bids | 08.07.2025 up to 3:00PM | |
| iii. | Date & Time of opening of tender | 09.07.2025 at 3:00PM | |
| iv. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma | |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 | |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 | |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 355801 (Building)25-26*D

# खूंटी संसदीय क्षेत्र के विकास में योगदान दे टाटा स्टील : सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने सोमवार को टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीवीनरेंद्रन से शिष्टाचार मुलाकात की। सांसद ने जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील कार्यालय में खूंटी क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और टाटा समूह से सीएसआर के तहत सहयोग की अपील की। सांसद ने कहा कि खूंटी, सिमडेगा, खरसावां, तमाड़, तोरपा, कोलेबिरा, कुचाई और अड़की जैसे प्रखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार और आधारभूत संरचना की भारी कमी है। उन्होंने टाटा स्टील से इन क्षेत्रों में शिक्षा केंद्र, छात्रावास, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल योजनाएं और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने का आग्रह किया। सांसद ने सीएएमडी से खूंटी क्षेत्र में आदिवासी कौशल प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग रखी, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण मिल सके और पलायन की समस्या पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान टीवीनरेंद्रन ने सांसद को क्षेत्र के विकास में यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि टाटा समूह झारखंड के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है और जनजातीय क्षेत्रों के सतत विकास में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। इस मुलाकात को खूंटी लोकसभा ही नहीं, पूरे झारखंड के जनजातीय क्षेत्रों के लिए विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



मुरी (आजाद सिपाही)। सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस मनाया गया। सिल्ली भाजपा के कार्यकर्ता ने श्यामा प्रसाद के चित्र पर फुल चढाया और दो मिनट के लिये मौन रखा गया। सभी लोग पंचायत जाकर बलिदान दिवस के साथ-साथ उनके जीवनी को भी बताने का काम किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, राजेंद्र प्रसाद साई, ललित प्रसाद, शेख इस्लाम, हरिहर महतो, कालीचरण महतो, दिनेश चंद्र महतो आज मौजूद थे।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



मुरी (आजाद सिपाही)। आरपीएफ मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के तहत गहन जांच के दौरान दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया। हिरासत में लिये गये व्यक्ति गणेश प्रसाद (55) निवासी शेरघाटी (गया) एवं मोहित कुमार (21) पटना बिहार के रहने वाले बताए जाते हैं। दोनों व्यक्तियों के पास से पुलिस ने आठ शराब की बोतल और दस कैन बियर की बोतल बरामद किया। जप्त शराब की कुल कीमत लगभग 9100रु बतायी गयी है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि अपने निजी लाभ के लिए बिहार में अवैध रूप से बेचने हेतु ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब से संबंधित कागजात की मांग की परंतु वे शराब से संबंधित कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाये। पुलिस ने जब्त शराब और हिरासत में लिये गये व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया। इस ऑपरेशन में आरपीएफ के अवर निरीक्षक रविशंकर, बसंत मल्लिक, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, दीपक ठाकुर, कुमार कौशल और केबी यादव शामिल थे।

## भाजपा तोरपा प्रखंड कार्यालय में आज करेगी उग्र प्रदर्शन : कोचे मुंडा

खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार की हर क्षेत्र में विफलता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी 24 जून मंगलवार को तोरपा प्रखंड में उग्र पद्रर्शन करेगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे नगर भवन तोरपा से जुलूस निकालेंगे, जो प्रखंड परिसर में जाकर सभा में तब्दील हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियशें के कारण जनता त्राहिमाम कर रही हैं।

## तमाड़ स्थित आदिवासी छात्रावास की स्थिति खराब



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ हाई स्कूल का कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावास की स्थिति बद से बद्तर हो गयी है। उसके खिड़की दरवाजे को तोड़कर चोर चोरी छिपे ले गये, एक भी छात्र उक्त छात्रावास में नहीं रहता है। दिन भर लफंगो का अड्डा बना रहता है। लोग बैठकर जुये भी खेलते रहते हैं। विद्यालय के हेडमास्टर और शिक्षक इस पर ध्यान नहीं देते हैं। यह तमाड़ थाना से सटा हुआ है।

## सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह और मुखिया रीना देवी ने सीसीएल सीएमडी को सौंपा ज्ञापन



सीएमडी को ज्ञापन देते सांसद प्रतिनिधि और मुखिया।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह और बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों प्रतिनिधियों ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सीसीएल सीएमडी को सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन मे मुख्य रूप से बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टर की संख्या बढ़ाने, महिला रोग एवं प्रसुति विशेषज्ञ की नियुक्ति, अस्पताल मे अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाने, बचरा क्षेत्रीय अस्पताल को सेंट्रल अस्पताल बनाने, राय स्टेशन बचरा पेट्रोल पंप के पास अंडरपास पुल का मरम्मत कराने, राय कोलियरी के सपही नदी पर लाइट विहिकल एवं पब्लिक के लिए पुल का निर्माण कराने की मांग की। साथ ही क्षेत्र की अन्य कई समस्या से उन्हें अवगत कराया। वहीं समस्या सुनने के बाद सीएमडी एनके सिंह ने समस्याओं का समाधान करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

# वज्रपात से दो महिला और एक भैंस की मौत



दोनों मृतक महिला की फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू थाना क्षेत्र हेसाडीह पंचायत के सावडीह गांव में सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से दो महिला की मृत्यु हो गयी। वे खेत में भैंस चराने गयीं थी और दोपहर को अचानक वज्रपात हुई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में एक भैंस की भी मौत हो गयी।

मृत महिलाओं की पहचान द्रोपदी देवी 40 वर्ष, पति बुधदेव महतो और रमनी देवी, 61 वर्ष पति स्वर्गीय सोनाराम महतो के रूप में हुई है। दोनों महिलाएं सावडीह गांव की रहने वाली है।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को सीएचसी सोनाहातू पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया। तत्काल एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत हुई। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया है। मृतक दोनों परिवारों का हाल बुरा हो गया है।

# तमाड़ अस्पताल में भर्ती डायरिया के मरीजों से मिले सिविल सर्जन



सिविल सर्जन प्रभात कुमार अस्पताल के मरीजों से हाल चाल पुछते हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के डोमबोडीह गांव में डायरिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी उक्त गांव में डायरिया पीड़ित तीन लोगों को तमाड़ अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया है। गांव के सोमा महतो 60 वर्ष समीर कुमार महतो 46 वर्ष और विनोबा कुमारी 15 वर्ष जो तमाड़ अस्पताल में भर्ती थे। अधिक सिरियस होने के कारण डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा है। गांव में अभी भी कई लोग पीड़ित हैं। सोमवार की सुबह भी दो मरीजों को तमाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को आईडीएसपी की टीम डॉक्टर राजीव भुषण के नेतृत्व में डोमबोडीह गांव गया और मरीजों के ब्लड का सैंपल लिया गया। सोमवार को तमाड़ अस्पताल में सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार भी आये और अस्पताल में भर्ती डायरिया के मरीजों से मिले और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुरे प्रखंड में ब्लींचिग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। सोमवार को बीडीओ और सीओ भी गांव पहुंचे। गांव में तमाड़ अस्पताल की एक टीम ने कैंप किया है, जो दवाई दे रही हैं। पिछले दिनों दो महिलाओं की मौत हो गयी थी, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

# गौरांगकोचा में जनता दरबार का आयोजन, उमड़ा लोगों का हुजूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा पंचायत सचिवालय में पातकुम, मैसाड़ा और गौरांगकोचा पंचायत का धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का उद्घाटन सीओ दीपक प्रसाद, बीडीओ एकता वर्मा, मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जनता दरबार में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का जानकारी दिया गया। कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है एवं योग्य लाभुकों की पहचान कर त्वरित सेवा प्रदान करना है। वहीं सीओ दीपक प्रसाद ने कहा कि भारी बारिश से घर क्षतिग्रस्त होने, वज्रपात से मौत, सांप काटने से मौत होने की स्थिति में सरकार से मुआवजा राशि दिया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, मुखिया किशन किस्कू, मेघा सिरोमनी किड़ो, गौर चंद्र महतो, डाकेश महतो और प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : नवीन चंद्र झा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड की मरचा पंचायत में सोमवार को धरती आबा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। इसमें मरचा पंचायत के चार जनजातीय बहुल गांवों के आवेदक शामिल हुए। शिविर में आधार कार्ड से संबंधित 56 मामले, उज्ज्वला योजना के 18, आयुष्मान कार्ड से संबंधित 55, मनरेगा के 28, राशन कार्ड के 46 मामलों का निष्पादन किया गया। पेंशन से संबंधित 46 मामलों का भी निबटारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 51 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि शिविर के माध्यम से हमलोग जनजातीय बहुल ग्रामों तक पहुंच रहे हैं और इसके माध्यम से सरकार कीा विभिन्न योजनाओं से लोगों को परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें इस योजना से आच्छादित भी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें। मौके पर एक वृद्धा कसीला देवी, बनाबीरा निवासी को वृद्धा पेंशन का लाभ दिया गया। मौके पर वभिन्न विभागों के कर्मी और ऑपरेटर के अलावा मुखिया, पंचायत सचिव राधा रमण सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूर्नामिंट और 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल 2025-26 का आयोजन गुलजारबाग फुटबॉल मैदान में हुआ। विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक और जावेद अंसारी के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम खेले गये विद्यालय टीम अंडर 08-12 वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय बमने प्रथम और उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं अंडर 15 वर्ग बालक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर की टीम प्रथम और राजकीयकृत मध्य विद्यालय डकरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी प्रथम और जनता प्लस टू उच्च विद्यालय खलारी द्वितीय स्थान रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में जनता प्लस टू उच्च विद्यालय प्रथम और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय को द्वितीय स्थान हासिल हुआ। सभी विजेता टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। इस दौरान सभी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीम जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन बीपीओ सर्वरीनाथ चौरसिया के द्वारा किया गया। अंतिम में सभी विजयी टीमों को प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव कुमार अंबष्ट और विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जावेद अंसारी और गोपाल सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इसी जोश के साथ जिला में प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मृदुल कुमार, रंथु साहु, कपिल, गंगा, अविनाश, श्याम चौबे, मधु कुमारी, उदय प्रताप सिंह, आदर्श कुमार बाजपयी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ 94 बटालियन परिसर से 27 को निकलेगी रथयात्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा इस वर्ष भी बटालियन परिसर में 27 को बटालियन परिसर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी। इसके पूर्व वहा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भई बलभद्र के विग्रहों की विधि विधान से पूजा-अर्चना की जायेगी। रथयात्रा महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। बताया गया कि 27 जून को सीआरपीएफ 94 बटालियन मुख्यालय से संध्या चार बजे से रथयात्रा निकाली जायेगी। रथयात्रा 94 बटालियन सीआरपीएफ परिसर से निकलकर भगत सिंह चौक, नेताजी चौक होते हुए मिश्रा टोली स्थित दुर्गा मंदिर तक जायेगी। वहां से रथयात्रा मौसी बाड़ी तक जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में 94 बटालियन सीआरपीएफ कमांडेंट विनोद कुमार, उप कमांडेंट जय प्रकाश सिंह सहित सीआरपीएफ के जवान और स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

# खलारी में भाजपा ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा विभिन्न बूथों पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। बुकबुका बूथ पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दिन पार्टी द्वारा 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल एक योग्य शिक्षाविद् और प्रखर वक्ता थे, बल्कि उन्होंने राजनीति में राष्ट्रवाद की मजबूत नींव रखी। इस मौके पर रामसूरत यादव, भरत रजक, राजू गुप्ता, कमलेश महतो, कुलदीप लोहार, सुरेश साहू, शंकर लोहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोयलांचल में बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूण्यतिथी बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजू गुप्ता, एके प्रजापति, तरुण महतो, कमलेश महतो, विमलेश प्रजापति, उमा प्रजापति, संजू देवी, रीता देवी, अंबिका, राहुल, बॉबी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चिरैयाटांड़ के ग्रामीणों ने कोयला खनन और ट्रांसपोर्टिंग बंद करायी

## सीसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के चार घंटे बाद शुरू हुआ कामकाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मंगरदाहा गांव से विस्थापित हुए चिरैयांटाड़ भाग-1 के विस्थापित ग्रामीणो ने सोमवार को मंगरदाहा विस्थापित समिति के बैनर तले क्षेत्र का कोयला खनन एंव ट्रांसपोटिंग का काम बन्द करा दिया। ग्रामीणों ने घुम घूमकर सीएचपी/ सीपीपी परियोजना, कोयला ढुलाई, राजधर साईडिंग एंव भुमिगत खदान का काम काज को बंद करा दिया। इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि विस्थापित ग्रामीणो ने दिसंबर 2024 में ही सीसीएल प्रबधंन को समस्या से अवगत कराया था, लेकिन कोई पहल नही हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों ने 16 जून को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन देकर 23 जून से बंदी की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया, जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने बंदी किया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में पिपरवार उर्फ मंगरदहा से विस्थापित हुए रैयतों के लंबित नौकरी और मुआवजा देने आउटसोर्सिंग एंव अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट मे स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने, विस्थापित को मुलभुत सुविधा के अंतर्गत मिलने वाली सारी सुविधा पूर्ण करने, जिसमें गांव में घुस रहे बरसात के पानी को रोकने के लिए व्यवस्था करने, सभी बिजली पोल के लाइट और तार को दुरुस्त करने, जंगल जाने के लिए सड़क का व्यवस्था कराने, सीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि की पहचान के लिए बोर्ड लगाने, विस्थापन प्रमाण पत्र देने, पेप सर्टिफिकेट दे, छात्र-छात्राओ को जाति आवास बनाने की सुमिधा देने, पानी की सुविधा देने, पानी टंकी की मरम्मत एवं गांव में बोरिंग, खाली पड़े जगह पर फलदार पोधारोपण करने, खेलकूद के लिए खेल मैदान देने, विवाह भवन का निर्माण करने सहित अन्य मांगे शामिल है। इधर बंदी की सूचना पाकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर होकर विस्थापित ग्रामीणों के साथ वार्ता किया। वार्ता में ग्रामीणों की मांगों को क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक पूरा करने का भरोसा दिया। प्रबंधन के द्वारा मिले आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और बंदी को स्थगित किया, जिसके बाद करीब चार घंटे के बाद कोयला खनन ट्रांसपोटिंग एवं साइडिंग का काम चालू हो सका। ग्रामीण ने चेतावनी दिया कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो फिर से बंदी की जायेगी। मौके पर विक्रम गंझु, बिरेंद्र कुमार, कुलदीप गंझु, प्रदीप गंझु, दीपक करमाली, संजय करमाली, संजय गंझु, सोविंद गंझु, जितेंद्र कुमार, करीमन गंझु, निरु रिकसन, मद्दु भुइया, रुपेश भुइया, संतोष कुमार, सिनोद गंझु, अमर सिंह, छोटू सिंह, अर्जुन कुमार, राथू गंझु, कालेश्वर गंझू, मनजीत करमाली, हेमंत भोगता, राजेश गंझु, सुखदेव भुइया, सुखदेव गंझु, मुकेश कुमार, राम करमाली, आकाश करमाली, संदीप गंझु, निखिल कुमार, विश्वास करमाली, लकी कुमार, ललिता देवी, दुहानी देवी, सरस्वती देवी, पिंटू देवी, आशा देवी, जिरवा देवी, फागुनी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू स्थित रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय के मैदान में लिटिल चैंप्स फुटबॉल व 64वीं प्रखंड स्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता सोमवार को आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में बुंडू प्रखंड के अंडर 8 से 12 और 15 से 17 आयु वर्ग के सरकारी विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। लिटिल चैंप्स टूर्नामेंट के 8 से 12 वर्ष आयु बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रामवि बुंडू, अंडर 15 बालक में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवाडीह, अंडर 17 बालिकाओं में प्रथम स्थान पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुंडू, अंडर 17 बालक में प्रथम स्थान रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू की टीम बनी। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को भी सांत्वना पुरस्कार दी गयी। मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बीईईओ शांति मुनि तिर्की, अनवर हुसैन, अपूर्व बनर्जी, स्वरूप लायेक, यशपाल कुमार सुनील कुमार, महावीर महतो, सुरेश महतो और प्रखंड के बीआरपी, सीआरपी और शिक्षक उपस्थित हुए।

## दुर्घटना के बाद दारोगा की रिवाल्वर चोरी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड पर 21 जून को रोलाडीह के पास एक बुलेट व एक मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गयी। बुलेट जेएच 05 डीजेड 1998 सराईकेला जिला बल में पदस्थापित सुनील कुमार शर्मा से हुई। दुर्घटना के बाद भीड़ लग गयी और उनकी सरकारी सर्विस रिवाल्वर और गोली की चोरी हो गयी, जो अभी तक नहीं मिली है। इस संबंध में तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मोटरसाइकिल सवार नवल मुंडा गांव बाउतिया कमारहापा का इलाज रिम्स में चल रहा है, जिनका पैर टुट गया है।

## बचरा उत्तरी पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन कल

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय एवं काली मंदिर स्थित मिडिल स्कूल में बुधवार 25 जून को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर झारखंड सरकार के निर्देश पर और चतरा जिला समाहरनालय के सौजन्य से लगाया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लोगों का उपचार कर उन्हें दवाई भी दी जायेगी।

## भाजपा सिकिदीरी मंडल ने पंचायत स्तरीय जनचौपाल लगायी

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकिदीरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया के नेतृत्व में सोमवार को ओबर गांव में पंचायत स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया उपस्थित थे। चौपाल में सरना समाज को पेसा कानुन की जरूरत को विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार पेसा कानुन लागू नहीं कर रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा कि सरकार आदिवासी समुदाय को गुमराह करने में लगी है। इसे लेकर 26 जून को आदिवासी समाज को राजभवन चलने का आग्रह किया गया। मौके पर सिकिदीरी मण्डल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, मंडल महामंत्री पंचम भोगता, ग्राम प्रधान बालिया बेदिया, करमदेव बेदिया, खभावन बुथ अध्यक्ष शंकर बेदिया, सुमित्रा देवी, शंकर बेदिया, रोहिना बेदिया, जतरू बेदिया, सुनीता देवी आदि थे।

# इटकी मोड़ टोल प्लाजा पर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन तालाबंदी की

## एक समान मुआवजा और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर कर रहे प्रदर्शन

- थाना प्रभारी और सीओ के समझाने के बाद भी नहीं माने प्रदर्शनकारी ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 23 के इटकी मोड़ पर के टोल प्लाजा पर लगे हाइ मास्ट लाइट के विगत चार फरवरी को यात्रियों से भरे टेपों पर गिरने से तीन लोगों की मौके पर हुई मौत के मामले में मुआवजे एवं अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर सोमवार को मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने सुबह 11 बजे से राजमार्ग को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार लग गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के



मुआवजा एवं अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर एनएच-23 के इटकी मोड़ स्थित टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते लोग।

समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर उड़े रहे। मृतक के परिजन-ग्रामीण मुआवजा भुगतान के मपदंड एवं बकाया राशि का भुगतान करने की मांग कर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक लोगों का सड़क जाम जारी था। खबर पाकर नगरी सीओ एवं थानाप्रभारी मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को समझाने की प्रयास करते रहे। लेकिन ग्रामीण वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। बतातें चलें कि विगत चार फरवरी को मलार पूल के निकट टोल प्लाजा पर लगे करीब 70 फीट ऊंची हाइ मास्ट लाइट यात्रियों से भरी टेंपो पर गिर गया था। जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। जबकि कई घायल हो गये थे। उसमें चंपा उराव, बसंती उरांव, आरती केरकेट्टा और मंगरु उरांव शामिल थे। इस घटना के बाद सभी मृतकों को अलग-अलग मुआवजा राशि का भुगतान किया गया। जबकि राज्य की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मृत यात्रियों को 15-15 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने की घोषणा की थी। हालांकि पता चला है कि मुआवजे की राशि भुगतान में बंदी उरांव के परिजनों को सात फरवरी को 50 हजार, 24 फरवरी को विधानसभा भवन के पास एक लाख, दुश्मी को सात फरवरी को 50 हजार और 24 फरवरी को विधान सभा भवन के पास एक लाख, जबकि मृतक किशन कुमार को छह फरवरी को 50 हजार और सात फरवरी को चार लाख रुपये, इसके बाद पुनः 24 फरवरी को एक लाख रुपये का भुगतान किया गया। जबकि घयलों में चंपा उरांव को 2.5 लाख, बसंती उरांव को 1.5 लाख, आरती केरकेट्टा को पांच लाख और मंगरू उरांव को दो लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

## सीआईटी के छात्र अर्घ की मौत पर शोकसभा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम ओवरब्रिज के समीप शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में सीआईटी के छात्र अर्घ चौधरी की मौत होने के बाद सोमवार को संस्थान परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोकसभा की शुरुआत दो मिनट के मौन धारण से हुई। इसके बाद संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने भावुक शब्दों में अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक होनहार और प्रतिभाशाली छात्र को खो दिया है। अर्घ न केवल पढ़ाई में अव्वल था, बल्कि व्यवहार में भी विनम्र और अनुशासित था। इस असामयिक मौत से पूरा संस्थान स्तब्ध है। ईश्वर परिवार को इस दुखद घड़ी में धैर्य और मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र अर्घ चौधरी रांची के धड़पखना क्षेत्र का रहने वाला था और सीआईटी में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रांच के 2023 बैच का छात्र था। शोकसभा के बाद संस्थान प्रशासन ने एक दिन के अवकाश की घोषणा कर दी, जिससे सभी छात्र-छात्राएं शोक संतप्त माहौल में अपने घर लौट गए।

## बारिश-वज्रपात से 12 मवेशियों की मौत
## सरजोमडीह में पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम जरेया सराईटोली में सोमवार को तेज आंधी-तूफान और वर्षा के दौरान हुए वज्रपात में 12 बैल और गायों की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी रामपुर पंचायत की मुखिया सरस्वती देवी ने तुरंत नामकुम सीओ कमल किशोर सिंह को दी। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। मवेशी पालकों के अनुसार बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भयभीत होकर घरों से बाहर निकल आए। इधर, रामपुर पंचायत के ही सरजोमडीह गांव में रोशन टोप्पो के घर पर तेज तूफान के दौरान एक विशाल पेड़ गिर गया, जिससे घर को भारी क्षति पहुंची है। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह जान बचाई, लेकिन मकान और घरेलू सामान को व्यापक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाई जाए तथा प्रभावित पशुपालकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्रीय दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## विविध कांडों में फरार पांच आरोपी गिरफ्तार



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में विविध कांडों में फरार चल रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान ग्राम हेठ कोनकी निवासी शाहबाज अंसारी, ग्राम चेटर बुडीबागी निवासी सिराज खान, ग्राम कोकदोरो निवासी इरशाद अंसारी, रोहित उरांव और नईम खान (दोनों ग्राम चेटर बुडीबागी) के रूप में हुई है। सभी को जमीन खरीद-फरोख्त, ठगी, जालसाजी एवं चोरी के अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर पिठोरिया पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से फरार चल रहे अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## डॉ श्यामा प्रसाद के बलिदान को कभी भुलाया नहीं सकता: जैलेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंगद मंडल के बूथ नंबर 142 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। एक देश एक विधान एक निशान के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि मुखर्जी साहब के प्रयास से ही जम्मू कश्मीर में एक संविधान, एक निशान को लेकर सरकार में रहते हुए आंदोलन किया एवं जम्मू प्रवेश किया, लेकिन नेहरू सरकार में उनकी हत्या कर दी गयी, जिसकी गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाई। इस दौरान सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनकी याद में पौधारोपण किया। मौके पर ग्राम प्रधान कमलाकांत मुंडा, एससी मोर्चा महामंत्री संजय नायक, संजीत कुमार, पवन लोहरा, काजल गोस्वामी, जगदीश राम, विभा कुमारी, रीमा उपासना केरकेट्टा केतरी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर महुगाव सड़क पर बलारी पुल के पास बाइक और टेंपू की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गये। मृतक की पहचान लापुंग के चांपी निवासी एवन बरला (22) के रूप में हुई है। जबकि की पहचान एलेन बरला और अनुसर बरला (20) के रूप में हुई है। एलेन बरला को घुटना में चोट लगी है। वहीं, घायल अनुसर बरला का प्राथमिक उपचार लापुंग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में कराये जाने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल दोनों का पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोट लगी है। जबकि दूसरा घायल खतरे से बाहर है। उधर, मृतक एवन होरो के शव को लापुंग थाना के एसआई राजेंद्र कुमार महतो ने कब्जे में ले लिया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। घटना शाम चार बजे की बताई जा रही है। मृतक अपने घर चांपी से गोबिंदपुर जा रहा था, जबकि टेंपो फतेहपुर से ऊलगड़ा की ओर जा रहा था। घटना के बाद टेपों चालक फरार गो गया।

## केशा गांव में बारिश से गिरा मिट्टी का मकान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केशा टिकरा गांव निवासी बुदु उरांव का घर सोमवार की दोपहर दो बजे भारी बारिश के बीच गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बुदु उरांव का घर मिट्टी का था। भारी बारिश को घर का छप्पर सहन नहीं कर पाया। जिससे घर का छप्पर दीवार सहित गिर गया। टाली खपड़ा और घर की छप्पर की लकड़ियां भी गिर गईं। इतना ही नहीं घर के अंदर रखे सामान पानी में भींग गए। अब रात कैसे कटेगी? इसकी चिंता उन्हें सता रही है। क्योंकि उनके पास रहने के लिए जगह नहीं है। घर की माली हालत बेहद खराब है। इधर, भाजपा कार्यकर्ता रंजन कुमार गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन से जनहित में भुक्तभोगी को मुआवजा एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता-अखंडता के लिए प्राणों की आहूति तक दे दी : शशि मेहता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा ओरमांझी मंडल की ओर से सोमवार को बलिदान दिवस के रूप में पंचायत सचिवालय में मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने डॉ मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इसमें भाजपा रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंसस ललिता मेहता, पंचायत प्रभारी आनंद मेहता, उमा शंकर साहू, दुर्गा शंकर साहू, पवन साहू, नीरज सोनी, किरण देवी, कंचन देवी, मनी देवी, आनंद नायक, रोहित महतो, ओम प्रकाश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर शशि मेहता ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति तक दे दी। उनका बलिदान हमें हमेशा राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यकर्ता के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनायी गयी पुण्यतिथि



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा अनगड़ा मंडल ने सोमवार को गोंदलीपोखर बेड़वारी बूथ संख्या 94 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वे राष्ट्र चिंतक थे। एक विधान, एक संविधान और एक निशान के प्रबल पुरोधा थे। उनके त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा। इस मौके पर सुप्रेश महतो, मंटू साहू, गोवर्धन महतो, रामप्रीत साहू, छोटन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में शेड गिरने से महिला गंभीर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो के साप्ताहिक सोमवार बाजार में दोपहर 2.30 बजे तेज बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। बाजार में बना एक शेड अचानक गिर गया, जिससे सब्जी बेच रही इटकी थाना क्षेत्र की गड़गांव टिकरा टोली गांव निवासी महिला विपेश देवी (47) गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार इस दिन दोपहर में बेड़ो और प्रखंड के आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू हुई। विपेश देवी बाजार में सब्जी बेच रही थीं। लगातार बारिश के कारण शेड का ढांचा कमजोर पड़ गया और देखते ही देखते वह जमीन पर आ गिरा। वहीं, शेड की चपेट में आने से सब्जी बेच रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बतातें चलें कि बेड़ो बाजार में वर्षो पहले बने शेड जर्जर हो चुके है। इधर, बेड़ो के लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं और बाजार में सुरक्षित बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया जाए।

## गोंदलीपोखर में नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर पेट्रोल पंप के सामने नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सोमवार को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू आदि ने संयुक्त रूप से किया। मालूम हो कि कुछ दिन पहले यहां का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिस वजह से आसपास का इलाका अंधकार में था। इसकी सूचना रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को मिलने के बाद उन्होंने त्वरित कारवाई करते हुए यहां एक नया बिजली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, सुप्रेश महतो, विक्की सोनी, संजय महतो आदि मौजूद थे।

## आम की बागवानी कर ज्यादा लाभ कमायें किसान : निर्मला




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड परिसर में सोमवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के बैनर तले आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, नगडी जिप सदस्य पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, बीडीओ दीपाली भगत, पंसस शीला देवी, दक्षिणी टुंडूल, पंसस करूणा देवी ने संयुक्त रूप से आम महोत्सव बागवानी मेला का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाए। आज उसी का सुखद परिणाम है कि लोग आम की बागवानी कर अपनी आमदनी को बढ़ा रहे है। कहा कि नगड़ी प्रखंड किसान बहुल क्षेत्र है। ऐसे भी नगरी प्रखंड क्षेत्र के किसान बहुत मेहनती हैं। इन्हें अपने अतिरिक्त जमीनों पर आम की बागवानी लगाना चाहिए ताकि किसानी के साथ ही क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार का लाभ मिलेगा। वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड के किसानों को आम बागवानी के लिए अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। मौके पर किसानों ने आम बागवानी से हो लाभ पर अपना अनुभव साझा किया। वहीं, अतिथियों ने आम बागवानी करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, जेएसएलपीएस की रितु गाड़ी ने महोत्सव में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का सामूहिक शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव मुर्तजा अंसारी, धन्यवाद ज्ञापन बीपीओ कुमारी अनुजा ने किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी बजरंग महतो, राजेश पांडेय, विशाल आनंद, विरेंद्र नगडुवार और अनुका देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# नामकुम प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर: आरती कुजूर

- भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से डॉ मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बैठक हुई। जिसमें मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय



महतो धीरज और संचालन जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाईक ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि नामकुम प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आह्वान किया कि लोग भारी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर प्रशासन को जवाब दे। वहीं, जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि उन आम लोगों की आवाज है जो प्रखंड कार्यालय की लापरवाही और भ्रष्टाचार से परेशान है। उन्होंने कहा कि हजारों कार्यकर्ता और जनता पूरी ताकत के साथ विरोध में शामिल होंगे। बैठक में खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार सोनी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, रितेश उरांव, बिरसा पाहन, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, दिलीप साहू, विजेंद्र राय, उर्मिला देवी, मीनू सिंह, तुलसी गोप और सुदीप खलखो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इधर, टाटीसिलवे मंडल के बूथ संख्या 184 पर भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमित मिश्रा बीमार होने के बावजूद उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। मौके पर अभय कुमार मिश्रा, गिरधर मिश्रा, विजय नाथ मिश्रा, हलधर मिश्रा, विकास पुष्पराज, प्रतीक मिश्रा, कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। सभी ने डॉ मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को याद किया। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे डॉ मुखर्जी के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को और तेज करेंगे।

## 25-25 केवीए के दो नये ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पैका पंचायत अंतर्गत जरगा डूमर कोचा एवं पैका बंगला टोली में सोमवार को 25- 25 केवीए के दो नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया गया। यह ट्रांसफार्मर खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर खिजरी कांग्रेस के पूर्व युवा अध्यक्ष जितेंद्र महतो, महेश महतो, दिलेश्वर महतो, राजु कच्छप, बसंत उरांव, बिंदेश्वर महतो, मनसा महतो, राजु महतो, मोती महतो, राम महतो, दीपक कुमार महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में भाजपा का प्रखंड कार्यालय घेराव आज

बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा का प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और कुम्भकर्णी निद्रा में सोई झारखंड सरकार को जगाने के लिए मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में नरकोपी एवं बेड़ो मंडल की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह दस बजे सब्जी मंडी में दोनों मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं का महाजुटान होगा।

## सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोस में सोमवार को अंडर 17 बालिका वर्ग का सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय चान्हों एवं प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय टांगर के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय ने प्रोजेक्ट प्लस 2 उच्च विद्यालय टांगर को 2-0 से पराजित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

# पुलिस पर फायरिंग के आरोपियों के घर चिपकाया गया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस पर फायरिंग के दो आरोपियों खरका बंबू टोली निवासी करमचंद उरांव पिता बोलबा उरांव और प्रेमचंद उरांव पिता बिपता उरांव के घर गुमला थाना के एसआई सुमित कुमार ने सोमवार दिन के 2 बजे नोटिस चिपका कर सरेंडर की चेतावनी दी है। सुमित कुमार ने बताया कि मामला 2 जुलाई 2020 की शाम 6:00 बजे की है। गुमला थाना के पेट्रोलिंग पुलिस खरका बंबू टोली गांव से गुजर रही थी। तभी जलेश्वर केवट के घर के पास दो संदिग्ध लोग बैठे थे। पुलिस को देखते ही उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हुई तब तक दोनों अपराधी फायरिंग करते हुए घटनास्थल से फरार हो गये। मामले को लेकर तत्कालीन पुलिस पदाधिकारी विमल कुमार ने गुमला थाना में उपरोक्त दोनों अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस दोनों की तलाश में जुट गयी थी, लेकिन आरोपी फरार हो गये। कोर्ट के निर्देश पर पूर्व में भी आरोपियों के घर सरेंडर करने की चेतावनी को लेकर इश्तेहार चिपकाया गया था लेकिन आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया। अंतिम मौका देते हुए सोमवार को दोनों आरोपियों का घर पुलिस ने इस नोटिक चिपकाया। वहीं कहा कि यह अंतिम मौका है, आरोपी कोर्ट में सरेंडर करें अन्यथा उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी। कुर्की जब्ती करने की बाद भी यदि आरोपी कोर्ट में सरेंडर नहीं करते हैं तो उनको लाल वारंटी माना जायेगा।

## आइटीआइ तक कीचड़भरी सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत

# अल्बर्ट एक्का की जन्मभूमि जारी में अब तक नहीं बनी पक्की सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** भारत ने आजादी के 78 वर्ष पूरे कर लिए हैं। अंतरिक्ष में चंद्रयान की सफलता और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण जैसे बड़े-बड़े विकास कार्य देश की तरक्की की गवाही देते हैं। लेकिन इन तमाम उपलब्धियों के बीच अब भी कई ऐसे इलाके हैं, जहां के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसी ही एक तस्वीर झारखंड के गुमला ज़िले के प्रखंड जारी से सामने आई है – जो परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की जन्मस्थली है।



**विकास के नाम पर करोड़ों खर्च, लेकिन आईटीआई तक सड़क नहीं :** जारी प्रखंड में सरकार द्वारा आईटीआई की स्थापना की गई थी, जिसमें लाखों-करोड़ों रुपये का निवेश हुआ है। मगर आज भी इस शिक्षण संस्थान तक जाने वाली सड़क कच्ची है। हर साल बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़ से भर जाती है, जिससे छात्रों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह कच्ची सड़क इतनी बदहाल हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहनों की बात तो दूर, लोग कीचड़ में फिसलते, गिरते और अक्सर कपड़े गंदे कर लेते हैं। ऐसा लगता है जैसे सड़क नहीं, किसी खेत से होकर गुजर रहे हों। छात्रों को रोजाना आईटीआई पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**स्थानीय ग्रामीणों ने जताई नाराजगी :** पतराटोली गांव के ग्रामीण पीटर बेक, पवन टोप्पो, रोशन कुजूर, जोहन तिर्की और रोजालिया तिर्की ने बताया कि वे कई बार जनता दरबार और प्रखंड कार्यालय में सड़क निर्माण को लेकर आवेदन दे चुके हैं। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी।

**जिला प्रशासन से लगाई गुहार :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आईटीआई तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि आने-जाने में सुविधा हो सके और छात्रों को शिक्षा के लिए संघर्ष न करना पड़े।

अब देखना होगा कि प्रशासन कब जागेगा और कब जारी प्रखंड की यह तस्वीर बदलेगी।

# भारतीय युवा कांग्रेस का चुनाव 27 जून से 3 जुलाई 2025 तक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय युवा कांग्रेस ने झारखंड में संगठनात्मक चुनाव की घोषणा की है। यह चुनाव ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर होंगे। नामांकन 27 जून से 3 जुलाई 2025 तक चलेगा। आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तारीख 4 जुलाई है। नामांकन की अंतिम पुष्टि 9 जुलाई को होगी। चुनाव में भाग लेने के लिए आयु 18 से 35 वर्ष तय की गई है। जन्म तिथि 28 जून 1990 से 27 जून 2007 के बीच होनी चाहिए। इंडियन यूथ कांग्रेस की सदस्यता अनिवार्य है। आवेदन और जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाना होगा। उक्त बातें इंडियन यूथ कांग्रेस के जिला कॉर्डिनेटर जयप्रकाश चौबे ने स्थानीय परिसदन में गुमला जिला यूथ कांग्रेस के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यछ चैतू उरांव, निवर्तमान युवा जिला अध्यछ आजाद अंसारी, जिला सचिव तरुण गोप, जिला महासचिव मो फिरोज, जिला चैयरमैन सह मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन अख्तर, मो मिन्हाज आदि उपस्थित थे। जयप्रकाश चौबे ने कहा कि यह चुनाव पारदर्शिता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित होंगे। हर उम्मीदवार को अपने क्षेत्र से निर्वाचित होकर नेतृत्व का मौका मिलेगा। यह प्रक्रिया राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कदम है। इस अभियान को राहुल गांधी की सोच से दिशा मिली है। जब वे इंडियन यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के प्रभारी थे। तब उन्होंने संगठन में आंतरिक लोकतंत्र की नींव रखी थी।

# डीसी के निर्देश पर दुकानों और होटलों में चलाया गया छापामारी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** उपायुक्त गुमला के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड के मेन रोड, बसिया रोड, थाना रोड, छारदा रोड, बाजार डांड व कुम्हार मोड़ में विभिन्न दुकानों व होटलों में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान होटलों से खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रह कर उसे जांच के लिए रांची भेजा गया। छापेमारी अभियान में टीम बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, सिसई पुलिस एस आई प्रमोद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गयी। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने एवं साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर मेन रोड स्थित अंजली स्वीट्स को दस हजार, कृष्णा होटल को तीन हजार, शिव शक्ति स्वीट्स को दो हजार व न्यू भारत बेकरी को दस हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा थाना मोड़, स्कूल मोड़ व माघी रोड पर स्थित रानी किराना स्टोर, राहुल राम और अनीता देवी स्टोर स्कूल से 100 मीटर के दायरे पर बेच जा रहा था जिसे कोटपा एक्ट के तहत सभी दुकानदारों से पांच पांच सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं अंजली स्वीट्स से रसगुल्ला, कृष्णा होटल से पनीर, शिव शक्ति स्वीट्स और अमर होटल से कलाकंद के सैंपल लेकर जांच हेतु रांची लैब भेजा गया। वहीं टीम ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार की जांच आगे भी लगातार जारी रहेगी एवं मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# निरोग रहने के लिए योग जरुरी : डॉ प्रवीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में सोमवार को एनएसएस के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एनएसएस प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ प्रवीण बसंती व प्रो सोनिया कुमारी ने की। कार्यक्रम में योग गुरु गजराज महतो ने एनएसएस स्वयं सेवको को विभिन्न प्रकार के योग की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। और निरोग रहने के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। शुरूआत करते हुए डॉ रंजीत कुल्लू ने कहा कि हम जब व्यायाम करते हैं तो अपने शरीर को ध्यान देते है। जबकि योग करते हैं तो तन मन के साथ आत्मा से जुड़ते हैं। स्वास्थ्य रहने के लिए एक एक जन को योगा से जुड़ना चाहिए। योग गुरु गजराज महतो ने कहा योग परंपरा तन के साथ मन को जोड़ने की प्रक्रिया है। हमें अपने दिनचार्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए। और ध्यान मुद्रा में बैठकर तन मन की शुद्धि के लिए तीन प्रणायाम शुक्ष्म व्यायाम, यौगिक जोगिंग शामिल करना चाहिए। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रवीण बसंती व प्रो सोनिया कुमारी ने कहा कि मानसिक व शारीरिक स्वस्थता के लिए हर रोज व्यायाम करना चाहिए। वर्तमान समय में व्यस्तता व अनियमित खानपान से अनेक प्रकार के रोग हमे परेशान करता रहा है। निरोग रहने के लिए योग जरुरी है। मौके पर प्रो जेन सिसिलिया बारला, प्रो करम सिंह ओडेया, इन्द्रजीत राम, सुरेश साहु, मंगलेश्वर उरांव, बिगलाल उरांव, विनोद महतो, रमेश महतो सहित एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर शिविर का आयोजन



घाघरा (आजाद सिपाही)। चपका और सेहल पंचायत सचिवालय में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टाल लगाये गये। जहां ग्रामीण ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमां किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि जनजातीय समुदाय के विकास के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी ग्रामीण आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा करें ताकि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। मौके पर मुखिया अग्नि उरांव, सोमारी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

गुमला (आजाद सिपाही) । सदर थाना क्षेत्र के बसुआ के समीप बारिश व आधी से एक पेड़ सड़क पर ही गिर गया। बाइक सवार तेज रफ्तार युवक सड़क पर गिरे पेड़ को देख नहीं पाया और उसे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। रविवार की रात 8 बजे परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

## वॉलीबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन



भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर प्रोजेक्टगर्ल स्कूल मैदान में वॉलीबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति मौजूद थे। उन्होंने सर्विस बॉल मार कर खेल का उद्घाटन किया। इसमें महिला टीम प्रथम स्थान और पुरुष टीम द्वितीय स्थान पर रही। मैच के समापन होने बाद थाना प्रभारी ने खिलाड़ियों को अच्छा खेल में प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और और विजेता, उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## ट्रक से बचने के क्रम में बाइक सवार ने पेड़ को मारी टक्कर, दो घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पालकोट रोड स्थित टोंगरी टोली के समीप बाइक सवार ने पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके बाद सड़क के नीचे खायी में गिर गये। घटना रविवार की शाम 5 बजे की है जानकारी के मुताबिक पालकोट थाना क्षेत्र के बिलींग बीरा गांव निवासी 22 वर्षीय लच्छू भगत और क्रूस केला सिमडेगा निवासी 20 वर्षीय ओलिबर बाखला किसी काम से गुमला आए थे। शाम को बाइक से अपने गांव लौट रहे थे तभी टोंगरी टोली के समीप सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक से बचने के क्रम में पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में दोनों युवक के सर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी।




# पृथ्वी शॉ अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे

**मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांगा, एमसीए बोला- हम जल्द ही फैसला लेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** पृथ्वी शॉ ने 2017 में मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे। 25 साल के शॉ ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मांगा है। शॉ पिछले कुछ समय से रेड बॉल टीम से बाहर हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई से पुष्टि की कि शॉ की ओर से एमसीए मांगने वाला एक लेटर मिला है। एमसीए सूत्र ने बताया, हां, हमें उनका एक लेटर मिला है और इसे मंजूरी के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है और उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय ले लिया जायेगा। लेटर में शॉ ने लिखा कि वे मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं, जिसके लिए उन्होंने 2017 में डेब्यू किया था, लेकिन अब वह आगे बढ़ना चाहते हैं।

**शानदार रहा डोमेस्टिक करियर**

पृथ्वी शॉ का डोमेस्टिक क्रिकेट करियर शुरूआत से ही बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया और पहले ही मैच में शतक जड़ दिया। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उन्होंने लगातार अच्छे प्रदर्शन किए और 3000 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

टी-20 फॉर्मेट में भी उन्होंने मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला है। शॉ ने डोमेस्टिक क्रिकेट में रणजी, दलीप और विजय हजारे तीनों ही प्रमुख टूर्नामेंटों में डेब्यू मैच में शतक लगाया। इसके अलावा वह 2018 में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान भी रहे।

**शॉ को 2021 से टीम इंडिया में मौका नहीं मिला :** 2018 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिता चुके पृथ्वी शॉ ने 2018 में ही इंटरनेशनल डेब्यू भी कर लिया था। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक लगाया। उन्होंने जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच वनडे के रूप खेला और तब से ही वह भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेल सके।

## डॉ श्यामा के आदर्शों को आत्मसात कर भाजपा को मजबूत करने का लिया संकल्प



गुमला (आजाद सिपाही)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि को भाजपाइयों ने सोमवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। बस स्टैंड स्थित होटल सिद्धि विनायक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर भाजपाइयों ने पुष्प अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलकर भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल, पूर्व अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी, निर्मल गोयल, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, भूपन साहु, सागर उरांव, मंगल सिंह भोगता, विकास कुमार सिंह, शंभु सिंह, अजित विश्वकर्मा, सत्यनारायण पटेल, पंकज कुमार, यशवंत सिंह, प्राण गोविंद दत्ता, संजीव, संतोष कुमार सिंह,राजेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## बारिश से घर क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के आदर के पोड़ी गांव में हो रहे बारिश के कारण तेजू उरांव का घर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पीड़ित ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि लगातार हो रहे बारिश के कारण घर के दीवाल गिर गया, साथ ही छप्पर भी टूट गही, जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया। दीवाल टूट के गिर जाने के कारण पूरा घर खुला हो गया। अब रहने के लिए भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस क्रम में लगभग लख रुपये की क्षति होने की बात पीड़ित द्वारा कही गयी।

## सीओ और थाना प्रभारी ने मादक पदार्थों के खरीद बिक्री को लेकर चलाया छापेमारी अभियान



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में सीओ आशीष कुमार मंडल और थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने संयुक्त रूप से मादक पदार्थ के खरीद बिक्री को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में स्थानीय मुख्य बाजार, आसपास के इलाकों में छानबीन की गयी। कुछ दुकानों पर गुटखा मसाले खैनी मादक पदार्थों को जब्त कर डिस्ट्रॉय किया गया। वहीं सीओ आशीष कुमार मंडल ने कहा कि नियम के विरुद्ध गुटका पान मसाले की बिक्री करने पर सीधे तौर पर फाइन के साथ-साथ अगली बार से कार्रवाई की जायेगी। प्राथमिक की भी दर्ज होगी। आप सभी दुकानदार गुटका पान मसाला खैनी की बिक्री न करें। पकड़े जाने पर कार्रवाई निश्चित है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 100 मीटर के रेंज में कोई विद्यालय अगर है तो आप पास में किसी भी तरह के मादक पदार्थ बेचने पर कार्रवाई होगी। मौके पर पुलिस के कई जवान उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ, हिदायत देकर छोड़ा

भरनो/गुमला (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश अनुसार भरनो थाना चेक पोस्ट और विभिन्न चौक चौराहा में सड़क सुरक्षा के मद्दे नजर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस निमित थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बतलाया जिला प्रशासन के निर्देश पर यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों दर्जनों वाहन चालकों को रोक कर थाना परिसर में रखा गया था सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत पूर्वक बतलाया गया साथ ही बगैर हेलमेट पहने वाहन चलाने पर दुर्घटना के गंभीर परिणाम के बारे में लोगों को समझाया गया, तत्पश्चात बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर जुमार्ना की राशि और कानून की प्रक्रिया के बारे में भी बतलाया गया। सभी वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



भरनो (आजाद सिपाही)। करंज थाना अंतर्गत संत मिखाइल उच्च विद्यालय, छातापहाड़, करोंदाजोर में थाना प्रभारी आशीष केशरी के नेतृत्व में कक्षा 06 - 10 तक के बच्चों को डायन प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशापान, डिजिटल अरेस्ट, क्षेत्र में अफीम के खेती की रोकथाम, लोगों को अफवाहों से रोकना एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 112 के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गयी। इससे पूर्व भी करंज थाना अंतर्गत 23 गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैठक कर लोगों के बिच जागरूकता अभियान चलाया गया है।

## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया जांच अभियान, तंबाकू उत्पाद जब्त कर किये गये नष्ट



गुमला (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी और अंचल अधिकारी गुमला के द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध एक सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान अकरामुल खान और एजाज खान के प्रतिष्ठानों में तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री होते हुए पायी गयी। मौके पर कोटपा एक्ट के तहत अर्थदंड लगाया गया एवं तंबाकू उत्पादों को जब्त कर विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा यह सख्ती यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि सार्वजनिक स्थलों पर मादक पदार्थों एवं तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## आइटीडीए परियोजना निदेशक रीना हांसदा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए गुमला रीना हांसदा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महत्तो, जिला के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कर्मियों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों ने सुश्री हांसदा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें कर्मठ, संवेदनशील एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित अधिकारी के रूप में याद किया। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अपनी अहम भूमिका निभायी। उप विकास आयुक्त सहित सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों ने भावभीनी शुभकामनाओं के साथ उन्हें भावपूर्ण विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं सामूहिक तस्वीर के साथ किया गया।

# चांदमारी खटाल बस्ती के 10 हजार की आबादी को जल्द मिलेगा पानी की समस्या से निजात : संतोष

## 24.60 लाख की लागत से पाइपलाइन के जरिये पीटवाटर का पानी पहुंचाने की कवायद शुरू

- बीसीसीएल ने निकाला है टेंडर, जल्द ही उतरेगा धरातल पर

आजाद सिपाही संवाददाता



चांदमारी खटाल बस्ती के लोगों को जानकारी देते एटक के बस्ताकोला क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष यादव।

**धनसार।** पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे चांदमारी खटाल बस्ती को लोगों को जल्द निजात मिलने जा रही है। 24 लाख रुपयें की लागत से पीटवाटर पानी पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। इस योजना को बीसीसीएल प्रबंधन जल्द ही धरातल पर उतारेगी। इसके लिए बीसीसीएल ने टेंडर भी निकाल दिया है। उक्त जानकारी एटक के बस्ताकोला क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष यादव ने दी। वे सोमवार को चांदमारी खटाल बस्ती में ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने इसका श्रेय धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को दिया है। बताया कि लगभग 10 हजार की आबादी वाले क्षेत्र चांदमारी खटाल बस्ती के लोग पानी के लिए वर्षों से त्राहि त्राहि कर रहे थे। इनलोगों को पानी के लिए जहां-तहां भटकना पड़ रहा था। ढुल्लू महतो ने चुनाव जितने के बाद यहां के लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया था। इस वर्ष 20 फरवरी को बस्ताकोला आफिसर्स कल्ब में महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा एवं एटक के बीच वार्ता हुई थी। जिसमें सांसद ढुल्लू महतो ने कड़े तेवर अपनाते हुए बस्ताकोला महाप्रबंधक को चांदमारी खटाल बस्ती में पीटवाटर उपलब्ध कराने को कहा था। इसके बाद बीसीसीएल ने सक्रियता दिखाते हुए 24 लाख 60 हजार रुपये की लागत से इस क्षेत्र में पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की जुगत शुरू कर दी थी। बताया कि विक्ट्री बंद खदान से प्रतिदिन लाखों गैलेन पीटवाटर पानी व्यर्थ बहकर बरबाद हो रहा है। इसी बहते पानी को पाइपलाइन के जरिए चांदमारी खटाल तक पहुंचाने की योजना बीसीसीएल ने बनाई है। विक्ट्री से चांदमारी खटाल की दूरी 1500 मीटर है। इस मौके पर एटक अध्यक्ष विकास मुखर्जी, शाखा अध्यक्ष जगदीश साव, कंचन सिंह यादव, प्रवीर मलिक, राहुल यादव, झलक यादव, आनंदी यादव, सूरेंद्र यादव, छोटू यादव, रामजन्म यादव, बबलू यादव और कृष्णा प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## देवघर जिला शतरंज संघ का चुनाव संपन्न, सूरज झा चुने गये अध्यक्ष



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिला शतरंज संघ का चुनाव सोमवार को हुआ। जिसमें बतौर पर्यवेक्षक विनोद कुमार शाह शामिल हुए। चुनाव में समाजसेवी सूरज कुमार झा को जिला शतरंज संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सूरज ने कहा कि यह पद उनके लिए एक जिम्मेदारी है। संघ के सदस्यों ने उनपर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। वहीं उनके पक्ष में अपनी राय देने के लिए सभी का धन्यवाद। कहा कि मेरा प्रयास होगा कि शतरंज के खेल को अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके। चूंकि देवघर में खेल का हमेशा माहौल रहा है। हर गली मुहल्ले में शतरंज खेल की परंपरा विकसित हो ऐसा प्रयास आने वाले दिनों में मिलकर करेंगे। इस मौके प्रदीप झा, चेतराम श्रृंगारी, बाबू सोना श्रृंगारी, प्रेम नाथ खवाड़े, शंकर लाल झा, महेश मठपती, सौरभ वर्मा, विजय भारद्वाज, वासुदेव फलहारी, कन्हैया कुमार, रणजीत सिंह, आर्य, कृष्णदेव श्रृंगारी, सत्येंद्र कुमार, अनंत लाल कुंजलवार, सौरभ कुमार वर्मा, संजीव मिश्रा, अशोक श्रृंगारी और चंदन खवाड़े आदि उपस्थित थे।

## पलामू/संथाल की खबरें

### देवघर कोर्ट रोड से युवक की साइकिल चोरी चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला कोर्ट रोड स्थित दास कॉम्प्लेक्स में घटित हुई। जहां से एक युवक की साइकिल चोरी हो गई। पीड़ित युवक आदित्य कुमार ने बताया कि अपनी साइकिल आजाद सिपाही कार्यालय के बाहर खड़ी की थी, लेकिन कुछ देर बाद वह गायब मिली। चोरी की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति साइकिल ले जाते हुए नजर आ रहा है। यह घटना दिनदहाड़े हुई, जिससे इलाके में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोर की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### विश्रामपुर के बरिगावां में बंद घर से लाखों की चोरी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नौगढ़ा ओपी के बरिगावां गांव निवासी सुनील दुबे के घर में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने घर से कथित रूप से एक लाख रुपए की संपति की चोरी कर ली है। बताया जा रहा कि गृहस्वामी सुनील दुबे एक महीना पहले अपना इलाज कराने दिल्ली गये हैं। अभी भी वो वहीं इलाजरत हैं। दिल्ली जाने से पहले उन्होंने घर एवं बागवानी की देखरेख के लिये गांव के ही एक लड़के को रखा था। जिसके पास केवल बाहरी बरामदे की चाबी है। लोगों ने बताया कि पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद बागवानी में पानी डालने की जरूरत नहीं पड़ने के कारण युवक ने घर में आना बंद कर दिया था। इसी बात का फायदा चोरों ने उठाया। परिवार के अन्य सदस्यों ने गृह स्वामी सुनील दुबे से फोन कर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही घर में उपलब्ध सामान की जानकारी प्राप्त की। परिजनों के अनुसार घर से एक सोने की नथिया, सोने की चेन, चांदी का सिक्का और काशा-पीतल के बर्तन आदि की चोरी हुई है। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग डेढ़ लाख रुपए है। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी लेते हुए स्थल का अवलोकन किया। बताया कि पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। बहुत जल्द घटना में संलिप्त लोगों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को पलामू आयुष समिति के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय स्वास्थ्य शरीर का आयोजन किया गया। इस दौरान अररुआ कला आयुष आरोग्य केंद्र प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में करीब 100 से अधिक मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा दी गई। डॉ प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर के पहले दिन जोड़ों, घुटने और मांसपेशियों में दर्द, पैरों में सूजन सहित कई मरीजों ने इलाज कराया। इस दौरान मरीजों को जांच कर निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में ढाब चंदा के केंद्र प्रभारी विद्या भूषण, योग शिक्षक संजय यादव, राजू कुमार, एएनएम शांति कुमारी, संगीता कुमारी, सहिया मीरालता, अमृता कुमारी, उषा देवी, पूनम देवी, प्रतिमा, सुनीता और सुभाष कुमार आदि मौजूद थे।

### गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर 100 बोतल देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गढवारोड आरपीएफ ने रविवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर प्लेटफार्म परिसर से दो व्यक्ति को 100 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिये लिखित जानकारी उत्पाद विभाग दे दी है। आरपीएफ के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म ड्यूटी के दौरान दो व्यक्तियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर उनकी जांच की गयी तो उनके पास से देशी शराब (टनौका) की 100 बोतल बरामद हुई। वहीं, पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## बोकारे में आभूषण दुकान में डकैती सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

### दो बाइक पर आये चार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

भागते हुए 100 और 500 की दोगड़ियां भी ले भागे अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** जिले के चास थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान में सोमवार की शाम 6.15 बजे डकैती होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद अपराधी आभूषण दुकान पहुंचे और वहां मौजूद लोगों को बंदूक का भय दिखाकर दुकान में रखे सोने के जेवर लेकर चलते बने। यही नहीं, दुकान में रखी 100 और 500 रुपए की दो गड्डी भी लेकर भाग निकले। उधर, वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और जांच में जुटी है।

#### भीड़भाड़ वाले इलाके में वारदात को दिया अंजाम

भीड़भाड़ वाले इलाके में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। उनके जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी में कैद अपराधियों की तस्वीर खंगाल रही है। वहीं, इस वारदात से एक बार फिर सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। बेखौफ अपराधी भीड़भाड़ वाले इलाके में भी घटना को अंजाम दे कर भाग जा रहे हैं।

## किसानों के बीच मड़ुआ बीज का हुआ वितरण

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड परिसर स्थित एटिक सेंटर पर सोमवार को 30 किसानों के बीच मड़ुवा बीज का वितरण बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने किया। सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां ने कहा कि विभागीय गाइडलाइन के तहत किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे उन्हें इसकी खेती करने में सहुलियत होगी। वहीं संबधित पंचायत के उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया जितेंद्र सिंह, कुसुम देवी, उपमुखिया सुधीर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने चयनित लाभुकों को इसका लाभ लेने में सहयोगा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को मड़ुवा (रागी) की खेती के लाभ और इसकी पौष्टिकता के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि मड़ुवा पोषक तत्वों से भरपूर अनाज है, जो खासकर कुपोषण दूर करने में सहायक है। किसानों को मड़ुवा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा मिल सकेगा।

## शीतलपुर-मनियाडीह पैक्स के निवेशकों ने भुगतान के लिए व्यापार मंडल में दिया धरना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** को-ऑपरेटिव बैंक की ओर से संचालित मनियाडीह शीतलपुर पैक्स के निवेशकों ने सोमवार को टुंडी व्यापार मंडल में धरना देकर उनकी जमा की गयी राशि को वापस देने की मांग की। बताया गया कि सैकड़ों ग्रामीणों ने लाखों रुपये आवर्ति जमा, सावधि जमा और बचत खाता के माध्यम से पैक्स में राशि जमा की है, लेकिन शाखा प्रबंधक ने विगत दो सालों से उसमें ताला बंद कर दिया है। कुछ महीना पहले जब मनियाडीह थाना में इस बाबत लिखित शिकायत की गयी थी, तो थाना प्रभारी ने प्रबंधक को थाना बुलाया था। एक बंधपत्र बना कर आश्वासन दिया गया था कि 31 मार्च तक जमा राशि का भुगतान कर दिया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसकी शिकायत डीसी, जिला सहकारिता पदाधिकारी से भी की गयी है।

## सात सूत्री मांग को लेकर हाड़ी जाति विकास मंच का धरना कल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला हाड़ी जाति विकास मंच ने सोमवार को भूली के शांति वाटिका में संवाददाता सम्मेलन कर 25 जून को अपनी सात सूत्री मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की जानकारी दी। मंच के जिला अध्यक्ष डब्ल्यू हाड़ी ने कहा कि हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद जिला सहित पूरे झारखंड में लंबे समय से आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उपेक्षा का शिकार है।बताया कि इससे पहले भी 25 जनवरी को सात सूत्री मांगों को लेकर हाड़ी जाति विकास मंच प्रदेश कमेटी के नेतृत्व में झारखंड सरकार को मांगपत्र कर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। लेकिन उस पर अबतक विचार नहीं हुआ। धरना के बाद जिला प्रतिनिधियों द्वारा धनबाद के डीसी को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस मौके पर जिला सलाहकार सह प्रदेश महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी हाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य मन्नू प्रसाद हाड़ी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, बबलू हाड़ी और सिद्धार्थ हाड़ी उपस्थित थे।

### कचरे की हुई साफ-सफाई, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

## पंचायत सचिवालय के आसपास कचरा फेंकते पकड़े जाने पर लगेगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत सचिवालय के पास जमा कचरे का ढेर सोमवार को हटा दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को गंदगी से राहत मिली है। मुखिया मलका मेहर निगार की पहल और मैथन सिरामिक के सहयोग से इस दिन करीब 50 ट्रैक्टर कचरे की सफाई कराई गई। मुखिया मलका मेहर निगार ने बताया कि पंचायत सचिवालय के पास कचरे के अंबार से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए उन्होंने यह सफाई अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पंचायत सचिवालय के आसपास कचरा न फेंकें, बल्कि इसके लिए निर्धारित कूड़ेदान का प्रयोग करें, ताकि पंचायत सचिवालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके। मुखिया ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई कचरा फेंकते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। बताया कि पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए कचरा फेंकने वालों की पहचान की जाएगी। इस मौके पर मोहम्मद मुस्तकीम, दुलाल दास, रोजगार सेवक मोहम्मद अनवर आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वछता प्रमंडल लातेहार**

शुद्धि–पत्र

निविदा सूचना PR No 355213 Drinking Water and Sanitation(25-26)_D के कंडिका सं0– 04 को गौण किया जाता है। निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 355747 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला– लातेहार**
**विज्ञापन संख्या– 15/2025–26**

संविदा अधारित नियुक्ति

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के चन्दनडीह सामुदायिक भवन में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 14.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 14.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 355758 (Urban Development) 25-26 (D)

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07 वर्ष 2025–26 D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 01.07.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 02.07.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :02.07.2025 को 03:00 बजे अपराहन्,कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखूर्द के ग्राम जगलदगा में प्राथमिक विद्यालय में Shed, Toilet, Septic Tank, Electrification, Sanitary and water Supply का निर्माण। | 21,72,900 | 43,500 | 5,000 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखूर्द के ग्राम जगलदगा में प्राथमिक विद्यालय का जिर्णोद्धार और चाहरदिवारी का निर्माण। | 23,97,900 | 48,000 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 355724 (Rural Development)25-26*D

## चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आया

# गुजरात में भाजपा, केरल में कांग्रेस, कालीगंज में टीएमसी विसावदर और लुधियाना वेस्ट में आप के प्रत्याशी जीते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।

केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआइएम के एम स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आयी, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।


राजेंद्र चावड़ा
भाजपा


गोपाल इटालिया
आप


संजीव अरोड़ा
आप


अलिफा अहमद
टीएमसी


आर्यदान शौकत
कांग्रेस

### मैं राज्यसभा नहीं जा रहा : केजरीवाल

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

### पश्चिम बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज विधानसभा सीट पर काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बारोचंदगर में सोमवार को बम विस्फोट में नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि पुलिस दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं बारोचंदगर में विस्फोट में एक लडकी की मौत से स्तब्ध और दुखी हूं। हम विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसा, अचानक दरका पहाड़

# मलबे में दबे कई यात्री, बच्ची का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कोट (उत्तरकाशी)।** मानसून शुरू होते ही पहाड़ में भूस्खलन की घटनाएं सामने आने लगी हैं। सोमवार दोपहर जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास पहाड़ दरक गया। इस दौरान कई यात्री मलबे में दबे हैं। जानकीचट्टी चौकी प्रभारी गंभीर सिंह तोमर ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ मौके पर है। फिलहाल सुरक्षा के लिहाज से यात्रा मार्ग पर आवाजाही रोक दी गयी है।

जानकारी के अनुसार टीम ने मुंबई निवासी एक यात्री रसिक (60) को अस्पताल पहुंचाया है। डाक्टर हरदेव सिंह पंवार के अनुसार यात्री के सर पर चोटें हैं। लेकिन खतरे से बाहर है। वहीं, एक बच्ची का शव मिला है। टीम अन्य दबे हुए लोगों को मलब से निकालने में जुटी है।



### सुक्की के सात नाले गंगोत्री हाइवे पर बनेंगे मुसीबत

गंगोत्री हाइवे पर सुक्की के सात नालों पर वर्षों से बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की ओर से सुधारीकरण और सुरक्षात्मक उपाय नहीं किये गये हैं। इस कारण यह नाले हर बरसात में सड़क पर आवाजाही में मुसीबत बनते हैं। इस संबंध में कई बार स्थानीय प्रशासन और बीआरओ से कई बार वहां पर सुरक्षात्मक कार्यों की मांग कर चुके हैं। स्थानीय निवासी संजय राणा, मनोज नेगी, भागवत पंवार, दीपक राणा, अजय नेगी आदि का कहना है कि हर्षिल घाटी सहित गंगोत्री और भारत-चीन अंतराष्ट्रीय सीमा को जोड़ने का गंगोत्री हाइवे एक मात्र साधन है। इसमें हर्षिल घाटी शुरू होने से पहले ही हाइवे पर सात नाले हर वर्ष बरसात में मुसीबत बनते हैं। इस कारण चारधाम यात्रा के यात्रियों सहित आठ गांव के ग्रामीणों और सेना एव आइटीबीपी के जवानों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि कई बार बरसात में इन नालों में जलस्तर बढ़ने और मलबा आने के कारण यह कई दिनों तक सड़क बंद रहती है। क्योंकि सड़क पर सात स्थानों पर एक साथ मलबा आने के कारण मशीनरी को इसे साफ करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

एसडीएम बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि यमुनोत्री धाम की ओर फंसे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला जा रहा है। वहीं, यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है।

**एसडीआरएफ ने यात्रियों को निकाला :** सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रास्ते में फंसे यात्रियों को भूस्खलन वाले क्षेत्र से बाहर निकाला।

**26 जून तक प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट :** मौसम विज्ञान विभाग ने 22 से 26 जून तक राज्य के देहरादून, नैनीताल, टिहरी, चंपावत में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके मद्देनजर यूएसडीएमए के अधीन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों के डीएम को पत्र भेज कर सावधानी बरतने को कहा है।

### कटरा-श्रीनगर वंदे भारत के यात्रियों को मिलेगा कश्मीरी जायके का स्वाद

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आइआरसीटीसी) ने अपने यात्रियों को एक और खुशखबरी दी है। कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों के लिए अब कश्मीरी शाकाहारी व्यंजन भी परोसा जायेगा। यह सुविधा जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। आइआरसीटीसी के अतिरिक्त महाप्रबंधक आनंद कुमार झा ने बताया कि हम कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन में स्थानीय व्यंजन परोसने की योजना पर काम कर रहे हैं, जो जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। यात्री नाश्ते में अंबल कद्दू, बबरू और जम्मू पराठा जैसे लोकप्रिय स्थानीय व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। दोपहर के भोजन में पनीर चमन, कश्मीरी दम आलू और जम्मू राजमा परोसा जायेगा। उन्होंने बताया कि ये व्यंजन स्थानीय मसालों और स्वाद के साथ तैयार किये जायेंगे ताकि यात्री कश्मीर की संस्कृति का अनुभव कर सकें। इसके अलावा उपमा, पोहा और शाकाहारी कटलेट जैसे अन्य विकल्प भी उपलब्ध होंगे।














































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**